केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

16 वर्षों से निरंतर....

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com



महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

# मालवा हेराल्ड

**सुविचार**

इंसान तब समझदार नहीं होता, जब वह बड़ी बड़ी बाते करने लगता है बल्कि समझदार तब होता है जब वह छोटी छोटी बातों को समझने लगता है

वर्ष : 16 अंक : 221 | उज्जैन, मंगलवार 20 जनवरी 2026 | पृष्ठ-8 मूल्य-1 रुपए

## न्यूज ब्रीफ

### किश्तवाड़ में आतंकियों से मुठभेड़ में उत्तराखंड का लाल बलिदान, वीर गजेंद्र सिंह गढ़िया का गांव शोक में डूबा



**बागेश्वर/ जीएनएस।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान कपकोट के वीर सपूत हवलदार गजेंद्र सिंह गढ़िया ने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दे दिया। 43 वर्षीय गजेंद्र सिंह गढ़िया, पुत्र धन सिंह गढ़िया, भारतीय सेना की टू-पैरा कमांडो यूनिट में तैनात थे। 18 जनवरी को श्रीपुरा क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में उनकी वीरगति की सूचना मिलते ही तहसील कपकोट के ग्राम गैंनाड़ (बीथी) में शोक की लहर दौड़ गई। हर आंख नम है और हर दिल अपने वीर बेटे पर गर्व के साथ गम से भरा हुआ है। बलिदानी गजेंद्र सिंह गढ़िया परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। घर की माली हालत पहले से ही ठीक नहीं थी। माता-पिता खेती-किसानी से जीवनयापन करते हैं, जबकि छोटा भाई एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षक है, जहां से मिलने वाला मानदेय परिवार की जरूरतों के लिए नाकाफी है। बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए पत्नी लीला गढ़िया देहरादून में किराये के मकान में रह रही थीं। उनके दोनों पुत्र राहुल और धीरज कक्षा चार में पढ़ते हैं, जिन्हें अब पिता का साया हमेशा के लिए खोना पड़ा है। देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए बलिदान हुए वीर सपूत गजेंद्र सिंह गढ़िया का पार्थिव शरीर 20 जनवरी को हेलीकाप्टर से केदारेश्वर मैदान लाया जाएगा। वहां से स्व. चंद्र सिंह शाही राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कपकोट के खेल मैदान तक अंतिम यात्रा निकलेगी। यहीं ग्रामीणों और स्वजनों को अंतिम दर्शन का अवसर मिलेगा। कौसानी सिग्नल के जवान सैन्य सम्मान के साथ उन्हें अंतिम विदाई देंगे। बलिदानी गजेंद्र की पत्नी लीला गढ़िया तथ दोनों पुत्र हेलीकाप्टर से गरुड़ के मेलाडुंगरी हेलीपैड पहुंचे, जहां से टैक्सी द्वारा कपकोट लाया गया। स्वजन के अनुसार पत्नी बार-बार बेसुध हो रही हैं। मासूम बच्चे पिता को याद कर उनसे लिपटकर फूट-फूट कर रो रहे हैं। गांव का माहौल पूरी तरह गमगीन है, हर घर में शोक और सन्नाटा पसरा है।

### कैबिनेट से मंजूरी के बावजूद झारखंड में साहित्य, ललित कला और संगीत नाटक अकादमी का गठन अधर में



**रांची/ जीएनएस।** राज्य ने अपना 25 वां धूमधाम से मनाया है। इन 25 सालों में लेखक-कलाकार-रंगकर्मी अकादमी गठन की मांग करते आ रहे हैं। लंबे समय के बाद पिछले साल राज्य सरकार ने कैबिनेट में गठन की मंजूरी भी दे दी, लेकिन ढाई महीने बाद भी कहीं से कोई सुगबुगाहट नहीं है। सरकार ने अभी तक गठन नहीं किया है। सो, सभी लोग सरकार से आस लगाए हैं। गठन हो जाने से यहां के लेखकों-कलाकारों-रंगकर्मियों को लाभ तो होता ही है, राज्य की छवि भी देश में बनती। किसी भी राज्य की पहचान विकास से नहीं होता है। असल पहचान, कला, संस्कृति-रंगकर्म-लेखन से ही होता है। झारखंड के पास हजारों साल पुरानी लोक कलाएं, हजारों साल पुरानी भाषाएं और संस्कृति है। इन मौखिक परंपराओं को हम लिपिबद्ध कर सकते हैं। यह सब अकादमी के द्वारा ही संभव हो पाएगा। शहर के सांस्कृतिक अगुवा ने अपने विचार रखे हैं। तकरीबन 26 साल पहले जिन उद्देश्यों को लेकर झारखंड राज्य की स्थापना हुई थी, उसमें सबसे महत्वपूर्ण था सांस्कृतिक मूल्य और उनका संवर्धन और संरक्षण। प्रश्न है कि क्या विकास का मतलब सिर्फ सड़क, फ्लाईओवर और भौतिक विकास है? कथाकार पंकज मित्र कहते हैं- यह बहुत दुखद तथ्य है कि भाषा और संस्कृति के नाम पर पृथक राज्य के लिए आंदोलन हुआ, लेकिन इतने वर्षों के बाद भी भाषा अकादमी, साहित्य अकादमी, ललित कलाओं, संगीत नाटक अकादमी का गठन अभी भी एक दूरस्थ सपना ही है। साहित्य और कला से जुड़े लोगों के द्वारा काफी प्रयास करने के बाद भी शासन की इच्छा शक्ति का अभाव दिखता है। हालांकि कैबिनेट मंजूरी हुई परंतु लंबा समय बीत जाने के बाद भी इनका गठन नहीं हो पाया है। भाषा विशेष रूप से जनजातीय भाषाओं का संवर्धन और संरक्षण अटका पड़ा है। साहित्यकार कलाकार प्रोत्साहन के अभाव में निराशा का सामना कर रहे हैं। जितनी जल्दी इन अकादमियों का गठन होगा निराशा दूर होगी। रंगकर्मी संजय लाल का कहना है कि झारखंड गठन के 25 साल बाद भी साहित्य, कला और संस्कृति को बढ़ावा देने वाली अकादमियों का गठन नहीं हो पाया है।

# युवाओं को सक्षम बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

**प्रदेश में निवेश, उद्योग और रोजगार के लिए सभी प्रकार की अनुकूलताएं हैं उपलब्ध**




**भोपाल/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वामी विवेकानंद की यह भविष्यवाणी कि 21वीं सदी भारत की होगी, आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में साकार होती दिखाई दे रही है। प्रत्येक वैश्विक मंच पर भारत ने अपनी साख स्थापित की है और प्रधानमंत्री श्री मोदी विश्व के सबसे प्रभावशाली नेताओं में शामिल हैं। भारत आज विश्व का नेतृत्व करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, जो विश्व का सबसे युवा लोकतांत्रिक देश है और प्रधानमंत्री श्री मोदी प्रभावी रूप से इस युवा लोकतंत्र का नेतृत्व कर रहे हैं। मध्यप्रदेश के कोने-कोने से आए युवा संगठित होकर दिल्ली में अध्ययन कर रहे हैं, यह प्रदेश के लिए सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि इतने बड़ी संख्या में प्रदेश के युवाओं से हुई भेंट ने उनकी दिल्ली यात्रा को सार्थक बना दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के शंकरलाल सभागार में मध्यप्रदेश के अध्ययनरत छात्रों के संगठन मध्यांयल स्टूडेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित मध्यांचल उत्सव-2026 को संबोधित कर रहे थे। मध्यांचल उत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश देश के सबसे कम बेरोजगारी वाले राज्यों में शामिल है और राज्य सरकार हर कदम पर युवाओं के साथ है। युवाओं को सक्षम बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश में निवेश, उद्योग और रोजगार के लिए सभी प्रकार की अनुकूलताएं उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा हमारा लक्ष्य है कि मध्यप्रदेश का युवा जॉब सीकर नहीं, बल्कि जॉब क्रिएटर बनें। युवा, कृषि-टेक्नोलॉजी एवं चिकित्सा जैसे सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ें, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस सहित विश्व स्तर पर हो रहे सभी नवाचारों में दक्ष हो और देश और प्रदेश को सशक्त बनाने में अपना योगदान दें, यही हमारा लक्ष्य है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य की उपलब्धियों की जानकारी साझा करते हुए बताया कि राज्य में सिंचाई के रकबे में वृद्धि हुई है। आगामी 5 वर्षों में प्रदेश का बजट दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि पीपीपी मॉडल के तहत अधिक से अधिक मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे। सरकार का लक्ष्य नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों के माध्यम से राज्य में चिकित्सकों की संख्या बढ़ाना है। उन्होंने बताया राज्य में टेक्सटाइल उद्योग स्थापित करने पर प्रतिमाह 5 हजार प्रति श्रमिक के लिए सरकार द्वारा सहयोग राशि दी जाएगी, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि युवाओं को सहयोग देने के विशेष प्रावधान राज्य सरकार की नीतियों में किए गए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश बिजली सरप्लस स्टेट है और रिन्यूएबल एनर्जी में सबसे कम दर पर बिजली उपलब्ध कराई जा रही है, जिसकी दर मात्र 2 रुपये 10 पैसे है, जो कि देश में सबसे कम है। उन्होंने कहा कि दिल्ली कह मेट्रो मध्यप्रदेश की बिजली से चल रही है। राज्य में माइनिंग सेक्टर में तेजी से कार्य हो रहा है और जैव विविधता के मामले में भी प्रदेश अग्रणी है। भोपाल के बड़े तालाब में शिकारे चलाए जा रहे हैं और फिल्म व पर्यटन नीति के माध्यम से निवेशकों व युवाओं को विशेष लाभ दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यांचल छात्र संगठन को इस विशेष आयोजन के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी छात्र इसी प्रकार संगठित होकर सकारात्मक कार्य करते हुए प्रदेश व देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाते रहें।

मध्यांचल उत्सव को संबोधित करते हुए श्री श्याम टेलर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की प्रगति की गति दोगुनी हुई है। मां नर्मदा का प्रवाह और बाबा महाकाल मध्यप्रदेश की पहचान हैं। दिल्ली में अध्ययनरत युवाओं द्वारा प्रदेश की कला-साहित्य-शालीनता और सभ्यता के संगम के रूप में आयोजित मध्यांचल उत्सव का आयोजन सराहनीय पहल है। मध्यप्रदेश के युवाओं ने कभी भी अलगाव के विचार से कार्य नहीं किया। सदैव सहयोगात्मक व्यवहार ही उनकी पहचान रहा। कार्यक्रम को राजनिति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष सुश्री रेखा सक्सेना और दिल्ली विश्वविद्यालय की कल्चर कॉउंसिल के संचालक श्री अनूप लाखर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दिल्ली में अध्ययनरत छात्र उपस्थित रहे।

## आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस दिखाओ, पोलैंड के विदेश मंत्री को जयशंकर की दो टूक



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** यूक्रेन-रूस युद्ध के संबंध में यूरोपीय संघ के कई देश भारत की रूख की आलोचना करते हैं लेकिन इसमें पोलैंड सबसे ज्यादा आलोचना करता रहा है। पोलैंड के उप प्रधानमंत्री व विदेश मंत्री राडोस्लॉ सिकोर्सकी ने पिछले साल पाकिस्तान की यात्रा भी की थी और कश्मीर पर टिप्पणी भी की थी। माना जाता है कि उनकी यह यात्रा भारत पर कूटनीतिक दबाव बनाने के लिए किया गया था।

सिकोर्सकी अभी नई दिल्ली दौरे पर हैं और सोमवार को जब उनकी अपने अधिकारियों के साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ आधिकारिक बैठक हुई तो भारतीय विदेश मंत्री ने अपनी बात खरी खरी उनके समक्ष रख दी। जयशंकर ने पहले यूक्रेन मामले में भारत पर लगाये गये आरोपों को अनुचित करार दिया साथ ही पाकिस्तान समर्थित सीमा पार आतंकवाद का मुद्दा भी उठाया। साफ था कि भारत पोलैंड के साथ द्विपक्षीय संबंधों को लेकर गंभीर है और इसे आगे बढ़ाना चाहता है लेकिन अपने मूल हितों को लेकर वह हमेशा सतर्क रहता है। द्विपक्षीय बैठक में बोले जयशंकर

द्विपक्षीय बैठक में जयशंकर ने कहा, हाल के महीनों में, न्यूयॉर्क (सितंबर) और पेरिस (जनवरी) में मैंने यूक्रेन संघर्ष और इसके प्रभावों पर अपनी राय स्पष्ट रूप से साझा की है। ऐसा करते हुए मैंने बार-बार यह भी रेखांकित किया है कि भारत पर चयनात्मक निशाना साधना दोनों ही तरह से अनुचित और अन्यायपूर्ण है। मैं आज फिर से यही कह रहा हूं।

यह टिप्पणी अमेरिका व यूरोपीय देशों द्वारा भारत की रूसी तेल खरीद पर लगाए गए टैरिफ और आलोचना के संदर्भ में आई है। जयशंकर ने पोलैंड के दल के समक्ष सीमा पार आतंकवाद का मामला उठाते हुए कहा कि, उप प्रधानमंत्री महोदय आप इस क्षेत्र के लिए अनजान नहीं है और आप इस क्षेत्र में सीमा पार आतंकवाद की समस्या को भी भली-भांति जानते हैं। पोलैंड को आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता दिखानी चाहिए और हमारे पड़ोस में आतंकवादी ढांचे को ईंधन नहीं देना चाहिए।

पोलैंड यूरोपीय संघ का सदस्य देश- पिछले वर्ष जब पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान स्थिति आतंकवादी संगठनों के ठिकानों पर ऑपरेशन सिंधु के तहत हमला किया था। उसके कुछ महीने बाद अक्टूबर, 2025 में पोलेंड के विदेश मंत्री ने इस्लामाबाद की यात्रा की जिसे पाकिस्तान सरकार ने कश्मीर मुद्दे पर अपने रुख को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिल रही स्वीकृति के तौर पर पेश किया। तब पाकिस्तान व पोलैंड

### नितिन नवीन निर्विरोध चुने गए बीजेपी के अध्यक्ष, 45 की उम्र में सबसे बड़ी पार्टी की कमान




**नई दिल्ली/ जीएनएस।** नितिन नवीन भारतीय जनता पार्टी के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हैं। रिटर्निंग ऑफिसर के लक्ष्मण ने बताया कि बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर नितिन नवीन के पक्ष में 37 सेट नॉमिनेशन पेपर फाइल किए गए।

बीजेपी अध्यक्ष पद के लिए नितिन नवीन के नाम का प्रस्ताव करने वालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल थे। सभी नामांकन पत्र वैध पाए गए।

नामंकन में मौजूद रहे बीजेपी के दिग्गज- नितिन नवीन के नामांकन में बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष अध्यक्ष जेपी नड्डा और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और धर्मेंद्र प्रधान, भूपेंद्र यादव और किरेन रिजिजू सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में रिटर्निंग ऑफिसर के. लक्ष्मण को कागजात का पहला सेट सौंपा, जबकि अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और कई राज्यों के नेताओं द्वारा अतिरिक्त नामांकन प्रस्तुत किए गए, जो नबीन के लिए समर्थन की व्यापकता को रेखांकित करता है।

### सलामी दी, रैंक बैज पहनाया... चलती ट्रेन में सेना ने आयोजित की प्रमोशन परेड



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** भारतीय सेना अपने बहादुर जवानों को सम्मानित करने के लिए किसी समारोह का इंतजार नहीं करती, इसकी एक बानगी सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में देखी जा सकती है। सेना के दिग्गजों द्वारा शेयर किए गए इस वीडियो में सेना चलती ट्रेन में प्रमोशन परेड आयोजित करती दिख रही है।

इस पारंपरिक समारोह में सेना के सभी प्रोटोकॉल पूरे किए गए जैसे सलामी देना, कमांडिंग ऑफिसर और सूबेदार मेजर द्वारा रैंक बैज लगाना, औपचारिक तौर पर हाथ मिलाना शामिल है। सेना के कर्नल मयंक चौबे ने इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा कि यह कैमरों के लिए प्रतीकवाद नहीं है, बल्कि भारतीय सेना का जीता-जागता लोकाचार है। युद्ध के मैदान में भी हुए हैं आयोजन

चलती ट्रेन में यह अनोखा प्रमोशन समारोह असामान्य परिस्थितियों में भी परंपराओं के प्रति सेना की प्रतिबद्धता का उदाहरण है।

### डीजीपी रामचंद्र राव के आपत्तिजनक वीडियो से कर्नाटक में मचा हड़कंप, सीएम सिद्दरमैया ने जताया आक्रोश



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** कर्नाटक पुलिस विभाग के लिए सोमवार का दिन बेहद शर्मिंदगी भरा रहा। राज्य के वरिष्ठ आइपीएस अधिकारी और नागरिक अधिकार प्रवर्तन निदेशालय (डीसीआरई) के महानिदेशक (डीजीपी) के. रामचंद्र राव के कुछ कथित वीडियो इंटरनेट मीडिया पर बहुप्रसारित हो गए हैं। इन वीडियो में अधिकारी अपनी वर्दी में कार्यालय के भीतर एक महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में नजर आ रहे हैं। इस घटनाक्रम के मद्देनजर राज्य में हड़कंप मचा हुआ है। कार्यालय की मर्यादा तार-तार बहुप्रसारित वीडियो में डीजीपी रामचंद्र राव को उनके आधिकारिक कक्ष में एक महिला के साथ अंतरंग होते देखा जा सकता है। एक क्लिप में वह वर्दी पहने हुए अपनी कुर्सी पर बैठकर महिला के साथ आपत्तिजनक आचरण करते दिख रहे हैं। वहीं, एक अन्य वीडियो में वह सूट पहने हुए हैं और उनके कक्ष में भारतीय ध्वज तिरंगा एवं पुलिस विभाग का प्रतीक चिन्ह साफ दिखाई दे रहा है।सूत्रों के अनुसार, यह वीडियो कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों द्वारा रिकॉर्ड किए गए हैं और करीब एक साल पुराने बताए जा रहे हैं। ये फिल्म अभिनेत्री रान्या राव को सोने की तस्करी के मामले में गिरफ्तार किए जाने से पहले के बताए जा रहे हैं।

### शिक्षा के साथ रोजगार, नए कोर्स और ट्रेनिंग: मोदी सरकार के बजट 2026 में स्टूडेंट्स के लिए क्या होगा खास?



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** यह आंकड़ा उत्साहित करता है कि भारत की लगभग 65 प्रतिशत आबादी युवा है। इसके कारण ही संभावना जताई जा रही है कि भारत विश्व का स्किल कैपिटल बन सकता है, लेकिन इस उत्साह को सच उजागर करते यह आंकड़े हतोत्साहित भी कर रहे हैं कि बीते वर्षों में औपचारिक व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग की भागीदारी अलग-अलग रिपोर्ट के अनुसार, मात्र दो से पांच प्रतिशत ही है।

इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि अलग से कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय बनाकर मोदी सरकार ने 2014 से इस दिशा में प्रयास तेज किए हैं, लेकिन सवाल उठता है कि धरातल पर क्या है! इसका परिणाम क्या रहा! शिक्षा को रोजगारपरक बनाने के प्रयास और कौशल विकास की ढेरों योजनाओं के बावजूद रोजगार-स्वरोजगार एक मुद्दा बना हुआ है।

दरअसल, मोदी सरकार सत्ता में आने के बाद से ही प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना यानी पीएमकेवीआइ की अंब्रेला स्कीम के तहत कौशल विकास की विभिन्न योजनाएं चल रही हैं।

## पीएम मोदी ने UAE के राष्ट्रपति को गिफ्ट किया झूला और पश्मीना, साथ झूलते भी नजर आए



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** एक दिन के भारत दौरे पर आए यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायेद अल नाहयान का एयरपोर्ट पर ही शानदार स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रोटोकॉल तोड़कर उनकी अगुवाई करने दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचे थे। दोनों नेता बेहद गर्मजोशी के साथ गले मिले। मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें पारंपरिक तोहफे भी दिए।

प्रधानमंत्री मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति को शाही नक्काशीदार एक झूला गिफ्ट किया। इसमें गुजराती हस्तशिल्प की कलाकारी दिखाई देती है। इसके अलावा झूला अच्छे संबंधों और सहजता का प्रतीक है। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चांदी की एक संदूक में पश्मीना शॉल भी नाहयान को गिफ्ट किया। यह चांदी का बक्स तेलंगाना में बनाया गया है। दोनों गिफ्ट एक साथ देकर भारत की साझी विरासत और परंपरा को दिखाने का प्रयास किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नाहयान साथ में झूले पर बैठे भी नजर आए। एक दिन के भारत दौरे पर आए यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायेद अल नाहयान का एयरपोर्ट पर ही शानदार स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रोटोकॉल तोड़कर उनकी अगुवाई करने दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचे थे। दोनों नेता बेहद गर्मजोशी के साथ गले मिले। मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें पारंपरिक तोहफे भी दिए।



# संकल्प से समाधान अभियान के तहत वार्ड 45 व 69 में पहुंचे महापौर

## नागरिकों की समस्याएं सुनकर त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू किए गए ÷संकल्प से समाधान अभियान÷ के अंतर्गत इंदौर नगर निगम क्षेत्र में लगातार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। यह अभियान 12 जनवरी 2026 से प्रारंभ होकर 31 मार्च 2026 तक चार चरणों में संचालित किया जाएगा।



महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के तहत नगर निगम क्षेत्र की समस्त विधानसभा क्षेत्रों में चयनित वार्डों में शिविर लगाकर भारत सरकार एवं राज्य सरकार की हितग्राहीमूलक और लक्ष्य आधारित योजनाओं का लाभ आमजन को सरल, पारदर्शी और सुगम प्रक्रिया के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि नागरिकों को योजनाओं के लिए अनावश्यक भटकना न पड़े।

इसी क्रम में सोमवार को महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने जोन क्रमांक 09 के वार्ड क्रमांक 45, अंबेडकर नगर स्थित पानी की टंकी परिसर तथा जोन क्रमांक 02 के वार्ड क्रमांक 69, बड़े रणजीत हनुमान मंदिर, समाजवाद नगर में आयोजित संकल्प से समाधान शिविरों का निरीक्षण किया। शिविर के दौरान महापौर ने उपस्थित नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और शिविर में प्राप्त आवेदनों पर तत्काल व प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

महापौर ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार यह अभियान चार चरणों में संचालित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत 12 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक प्रथम चरण, 16 फरवरी से 16 मार्च 2026 तक द्वितीय चरण, 16 मार्च से 25 मार्च 2026 तक तृतीय चरण तथा 26 मार्च से 31 मार्च 2026 तक चतुर्थ एवं अंतिम चरण आयोजित किया जाएगा। यह अभियान सुशासन और स्वराज के प्रति प्रतिबद्ध विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य के अनुरूप आयोजित किया जा रहा है।

नगर पालिक निगम इंदौर, जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के सहयोग से प्रथम चरण के अंतर्गत 15 जनवरी 2026 से 10 फरवरी 2026 तक नगर निगम क्षेत्र के सभी 85 वार्डों में वार्ड स्तरीय समितियों के माध्यम से शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं के लिए आवेदन प्राप्त कर उनका त्वरित निराकरण किया जा रहा है।

अभियान के तहत नगर पालिक निगम इंदौर, जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पेंशन योजनाओं, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, अविवादित संपत्तियों के नामांतरण, भवन अनुज्ञा प्रमाण-पत्र सहित अन्य सेवाओं के लिए आवेदन लेकर पात्र हितग्राहियों को शीघ्र लाभ प्रदान करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

# शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को निरंतर प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाने के लिए प्रशिक्षण 27 जनवरी तक



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आईक्यूएसी समिति द्वारा शिक्षण- अधिगम प्रक्रिया को निरंतर प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाने के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय किला भवन में किया जा रहा है। यह संकाय संवर्धन कार्यक्रम "strengthening of staff competeny" विषय पर 27 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य संकाय सदस्यों के शैक्षणिक, तकनीकी, शोधात्मक एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़े कौशलों को सशक्त बनाना है।

शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय किला भवन इंदौर में प्राचार्य डॉ. बी. डी. श्रीवास्तव ने एफडीपी के विषय एपीआई स्कोरिंग, एसीआर और एकेडमिक डॉक्यूमेंटेशन के विषय का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा में गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु शिक्षकों के शैक्षणिक, शोध एवं प्रशासनिक कार्यों का मूल्यांकन अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से एपीआई स्कोरिंग, एसीआर तथा एकेडमिक डॉक्यूमेंटेशन की व्यवस्था लागू की गई है। ये सभी प्रणाली शिक्षकों की कार्यकुशलता, उत्तरदायित्व एवं शैक्षणिक योगदान का वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन करने में सहायक हैं। इसे उन्होंने उदाहरण के माध्यम से समझा कर इसकी आवश्यकता को भी बताया ।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता शासकीय होलकर महाविद्यालय की सह- प्राध्यापक एवं आईक्यूएसी की को - कोर्डिनेट डॉ. स्वागता गुप्ता ने अपने व्याख्यान में शिक्षण, अधिगम एवं मूल्यांकन संबंधी कार्य, सह-पाठ्यक्रम, शोध एवं प्रकाशन कार्य, पुस्तकें / अध्याय लेखन, एपीआई स्कोर शीट, शोध एवं प्रकाशन अभिलेख, सेमिनार/कार्यशाला प्रमाण पत्र, शोध परियोजनाएँ, MOOCs, कक्षा शिक्षण, पाठ्यक्रम विकास, मूल्यांकन एवं परीक्षा कार्य, पाठ योजना, शिक्षण डायरी, छात्र मूल्यांकन एवं फीडबैक आदि पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही उन्होंने सभी प्राध्यापकों के प्रश्नों और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। उक्त कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी डॉ. वी. पी. बैरागी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार डॉ. योगिता मंडलिक द्वारा किया गया।

## थाने में जप्त वाहन मालिकों को सौंपे जाएंगे

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर के सेंट्रल कोतवाली थाने में पुलिस एक्ट की धारा 25 के तहत जप्त किए गए वाहनों को उनके स्वामियों को सौंपा जाएगा। बताया गया कि इस एक्ट के तहत 55 दोपहिया वाहन जप्त किए गए हैं, जो थाने में वर्षों से रखे हुए हैं। नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे थाने में आकर अपने वाहन की तस्दीक कर लेंवे और मालकियत के दस्तावेज प्रस्तुत कर अपने वाहन प्राप्त कर लें। विस्तृत जानकारी सेंट्रल कोतवाली थाने से प्राप्त की जा सकती है। वाहन प्राप्त नहीं करने पर आगामी समय में वाहनों की नीलामी की जाएगी।

## भागीरथपुरा क्षेत्र में स्थिति हो रही है सामान्य

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर के भागीरथपुरा में स्थिति सामान्य हो रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ओपीडी में 138 मरीज पहुंचे, जिसमें से डायरिया के 09 मरीज थे। अस्पतालों में अब तक कुल 447 मरीज भर्ती किए जा चुके हैं जिसमें से 433 स्वस्थ होकर अपने घरों को लौट गए हैं। 07 अभी भी वार्ड में भर्ती हैं और 07 आईसीयू में उपचारत है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार क्षेत्र में 02 एम्बुलेंस लगाई गई हैं, 24×7 चिकित्सकों की ड्यूटी क्षेत्र में लगाई गई है, मरीजों को एम. व्हाय. चिकित्सालय, अरविंदों अस्पताल तथा बच्चों को चाचा नेहरु अस्पताल में रेफर किया जा रहा है, जो मरीज निजी चिकित्सालयों में जा रहें हैं।

# पुलिस ने मोहल्ला बैठकों के माध्यम से आमजन से किया सीधा संवाद, चाइनीज मांझे व साइबर अपराधों पर दी जागरूकता

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं आमजन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से इंदौर पुलिस लगातार सामुदायिक पुलिसिंग को मजबूत करने की दिशा में कार्य कर रही है। इसी क्रम में पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के निर्देशानुसार शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिससे पुलिस और नागरिकों के बीच विश्वास, संवाद और सहयोग को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।



इन निर्देशों के अनुक्रम में दिनांक 18 जनवरी 2026 को थाना कनाड़िया, खजराना, छत्रीपुरा, गांधी नगर सहित नगरीय इंदौर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मोहल्ला बैठकों का आयोजन किया गया। इन बैठकों में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्थानीय रहवासियों के साथ सुरक्षा संबंधी विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

बैठकों के दौरान नागरिकों को चाइनीज मांझे के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई तथा इसके उपयोग और विक्रय पर लगे प्रतिबंध के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही अवैध रूप से चाइनीज मांझा बेचने वालों की सूचना पुलिस को देने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। इसके अलावा मजनू अभियान, कॉलोनियों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था, किरायेदार एवं घरेलू नौकरों के सत्यापन की आवश्यकता पर भी जानकारी दी गई।

पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियानों एवं नशा रोकथाम को लेकर भी नागरिकों से संवाद किया गया। साइबर फ्रॉड से बचाव के उपायों पर विशेष जोर देते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई तथा आपात एवं सहायता हेतु 1930, 108, 101 और 112 जैसे हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों और पुलिस के बीच आपसी विश्वास को बढ़ाना, संवाद को मजबूत करना तथा सुरक्षा, साइबर अपराध और सामाजिक मुद्दों को लेकर आमजन में जागरूकता पैदा करना है, ताकि शहर को और अधिक सुरक्षित बनाया जा सके।

## इंदौर का करोड़पति भिखारी, तीन मकान, महंगी कार का मालिक, व्यापारियों को देता था कर्ज



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर को भिक्षुक मुक्त बनाने के अभियान के दौरान प्रशासन के सामने एक ऐसा मामला आया है जिसने व्यवस्था और आम जनता दोनों को चौंकने पर मजबूर कर दिया है। शहर के सराफा बाजार में रेंगकर चलने वाला एक दिव्यांग व्यक्ति, जिसे लोग असहाय समझकर दान देते थे, वास्तव में करोड़ों की संपत्ति का स्वामी निकला है। मांगीलाल नामक इस व्यक्ति के पास न केवल शहर के विभिन्न इलाकों में तीन मकान हैं, बल्कि उसके पास एक लग्जरी कार और तीन ऑटो रिक्शा भी हैं। प्रशासन अब उसकी आय के स्रोतों और उसकी संपत्तियों के कानूनी दस्तावेजों की गहनता से जांच कर रहा है।

सराफा बाजार में दिव्यांगता का स्वांग- मांगीलाल पिछले कई वर्षों से इंदौर के प्रसिद्ध सराफा बाजार क्षेत्र में सक्रिय था। वह कभी भी सीधे तौर पर लोगों से पैसे नहीं मांगता था, बल्कि अपनी शारीरिक स्थिति का प्रदर्शन कर लोगों की सहानुभूति बटोरता था। वह अपने हाथों को जूतों के भीतर डालकर और पीठ पर बैग लटकाकर जमीन पर रेंगते हुए चलता था। उसकी इस दयनीय स्थिति को देखकर वहां से गुजरने वाले राहगीर स्वतः ही उसे रुपए या सिक्के दे देते थे।

## इंदौर जिले में भू-राजस्व व डायवर्सन वसूली के लिए विशेष अभियान, बकायादारों पर कुर्की की कार्रवाई होगी

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर जिले में भू-राजस्व एवं डायवर्सन शुल्क की वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत भू-राजस्व और डायवर्सन शुल्क जमा नहीं करने वाले बकायादारों के विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।



इस संबंध में आज कलेक्टर कार्यालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि सभी बकायादारों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं। नोटिस की अवधि समाप्त होने के बाद भी जो बकायादार राशि जमा नहीं करेंगे, उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

एसडीएम श्रीमती कल्याणी पांडे ने बताया कि कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर समस्त तहसीलों के तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं राजस्व निरीक्षकों की बैठक लेकर भू-राजस्व वसूली की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर कॉलोनी सेल, नगर निगम, इंदौर विकास प्राधिकरण के फ्री-होल्ड पट्टे, खनिज विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों का समेकित डेटा संधारित कर समस्त तहसीलों में वितरित किया गया है, जिससे बड़े बकायादारों को चिन्हांकित कर प्रभावी कार्यवाही की जा सके।

# चाइनीज व प्रतिबंधित मांझे पर सख्ती, ब्रिज और पतंग उड़ने वाले क्षेत्रों में पुलिस की विशेष निगरानी

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मानव जीवन के साथ-साथ पशु-पक्षियों के लिए गंभीर खतरा बने नायलॉन डोर एवं शासन द्वारा प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के उपयोग पर रोक लगाने के लिए इंदौर पुलिस द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। पुलिस कमिश्नर इंदौर के दिशा-निर्देशन में शहरभर में प्रभावी कार्रवाई के साथ-साथ जनजागरूकता के हरसंभव प्रयास लगातार किए जा रहे हैं।



इसी क्रम में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में नगरीय इंदौर के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा चाइनीज एवं प्रतिबंधित मांझे से होने वाले दुष्परिणामों और संभावित दुर्घटनाओं से लोगों को बचाने के लिए निरंतर जागरूक किया जा रहा है। पतंग उड़ाने के संभावित स्थानों, प्रमुख ब्रिज और फ्लाईओवरों पर पुलिस टीमें तैनात कर विशेष निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना को रोका जा सके।

शहर के शास्त्री ब्रिज, पटेल ब्रिज, राजकुमार ब्रिज, भंडारी ब्रिज, बाणगंगा ब्रिज, खजराना ब्रिज, जूनी इंदौर ब्रिज, नावदा पंथ, तेजाजी नगर, सेज यूनिवर्सिटी ब्रिज, तीन इमली ब्रिज सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर मांझे से बचाव को लेकर पुलिस द्वारा पोस्टर और बैनर लगाए गए हैं। इसके साथ ही सड़क पर बैरिकेटिंग कर दोपहिया वाहन चालकों को धीमी गति से वाहन चलाने, हेलमेट पहनने तथा गले में गमछा या कपड़ा लगाने की समझाइश दी जा रही है।

इंदौर पुलिस का उद्देश्य चाइनीज और प्रतिबंधित मांझे से होने वाली दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण करना और आमजन में सतर्कता व जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है, ताकि किसी भी व्यक्ति, पशु या पक्षी को इस खतरनाक मांझे से नुकसान न पहुंचे।

# इंदौर के चार महत्वपूर्ण फ्लाईओवर्स का निर्माण जून तक होगा पूरा

## कलेक्टर ने किया अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण- गुणवत्ता के साथ आगामी जून तक निर्माण कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने आज इंदौर शहर में निर्माणाधीन चार प्रमुख फ्लाईओवरों का मौके पर पहुँचकर निरीक्षण किया और कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी फ्लाईओवर आगामी जून माह तक पूर्ण किए जाएं तथा निर्माण में गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए।



इस दौरान नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल, एसडीएम श्री प्रदीप सोनी, अपर आयुक्त नगर निगम श्री अभय राजनगांवकर सहित ट्रैफिक पुलिस, नगर निगम, प्रशासन, निर्माण एजेंसी एमपीआरडीसी और अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने निरीक्षण के दौरान देवास नाका, सत्य साई चौराहा, मूसाखेड़ी, और क्रिस्टल आईटीआई पार्क चौराहा पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर के निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की । कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि ये सभी फ्लाईओवर्स शहर की यातायात व्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और इनके पूर्ण होने से नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी।

बैठक में निर्माण कार्यों में आ रही बाधाओं, छोटे-छोटे रिमूवल (अतिक्रमण/संरचनाएं हटाने), वैकल्पिक व्यवस्थाओं और समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने की रणनीति पर चर्चा की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि नागरिकों की सुविधा सर्वोपरि है। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के दौरान नागरिकों को न्यूनतम असुविधा हो, इसके लिए विशेष प्रबंध किए जाएं। ट्रैफिक संचालन के लिए गार्ड तैनात किए जाएं, ताकि यातायात सुचारु रहे। धूल उड़ने से रोकने के लिए नेटिंग और आवश्यक सुरक्षा उपाय किए जाएं। सर्विस लेन पर पैच रिपेयरिंग और डामरीकरण कर ट्रैफिक को सुचारू बनाया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य भले ही वर्तमान में समय-सीमा से पीछे चल रहा हो, लेकिन प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ इसे तेजी से पूरा करने के लिए प्रयासरत है। आने वाले दिनों में नियमित समीक्षा कर प्रगति की निगरानी की जाएगी। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि चारों फ्लाईओवरों में मुख्य बाधाएं छोटी-छोटी रिमूवल और वैकल्पिक स्थान व्यवस्था से जुड़ी हैं। इन सभी बिंदुओं पर निर्णय लिए गए हैं और जैसे ही ये बाधाएं हटेंगी, कार्यों में तेजी आएगी। उन्होंने मूसाखेड़ी चौराहा पार करने के लिए पैदल नागरिकों के लिए व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

# आयुक्त ने किया प्रातः कालीन निरीक्षण, मास्टर प्लान सड़कों व झोन 2 और 12 की सफाई व्यवस्था पर सख्ती

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर में सफाई व्यवस्था और विकास कार्यों की स्थिति का जायजा लेने के लिए नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल ने सोमवार प्रातःकाल शहर की मास्टर प्लान सड़कों के साथ-साथ झोन क्रमांक 2 एवं झोन क्रमांक 12 का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री अभय राजनगांवकर, प्रभारी योजना शाखा श्री नरेश जायसवाल, स्वास्थ्य अधिकारी श्री गौतम भाटिया, उपयंत्री श्री पराग अग्रवाल सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



आयुक्त श्री सिंघल ने झोन क्रमांक 2 एवं 12 के अंतर्गत चंद्रभागा पुल से कलाल कुई तक तथा चंद्रभागा पुल से मच्छी बाजार रोड तक सफाई एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान मास्टर प्लान सड़क निर्माण कार्य में बाधा बन रहे अवैध एवं अनावश्यक निर्माणों को हटाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए, ताकि सड़क निर्माण कार्य समयबद्ध और निर्बाध रूप से पूर्ण किया जा सके।

निरीक्षण के दौरान मच्छी बाजार क्षेत्र में सड़क पर कचरा और गंदगी पाए जाने पर आयुक्त ने कड़ा रुख अपनाया। सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने पर झोन क्रमांक 2 के वार्ड क्रमांक 68 के सफाई दरोगा श्री मनीष पथरोड तथा झोन क्रमांक 12 के वार्ड क्रमांक 59 के सफाई दरोगा श्री जहीर खान का एक-एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि यदि शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो संबंधित क्षेत्रीय सीएसआई के विरुद्ध भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

इसके पश्चात आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल ने बायपास स्थित होटल प्राइड से सिटी फॉरेस्ट तक प्रस्तावित 2.4 किलोमीटर लंबाई और 30 मीटर चौड़ाई की निर्माणाधीन मास्टर प्लान सड़क का भी निरीक्षण किया। लगभग 29.52 करोड़ रुपये की लागत से बन रही इस सड़क की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित एजेंसी और अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने तथा निर्माण गुणवत्ता बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए।

आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान स्पष्ट संदेश दिया कि शहर की सफाई व्यवस्था और विकास कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# इंदौर में डोनाल्ड ट्रंप का विरोध

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा विभिन्न देशों की संप्रभुता पर किए जा रहे कथित हमलों के विरोध में इंदौर में अनेक वामपंथी और लोकतांत्रिक संगठनों ने संयुक्त रूप से प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन कमिश्नर कार्यालय के सामने महात्मा गांधी मार्ग पर आयोजित किया गया, जहां राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने अमेरिकी नीतियों के खिलाफ जमकर नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि अमेरिका अपनी तेल की भूख के चलते कई देशों में हिंसा और रक्तपात को बढ़ावा दे रहा है। प्रदर्शन स्थल पर लगाए गए पोस्टर और बैनर राहगीरों का ध्यान आकर्षित कर रहे थे, जिन पर लिखे संदेशों से लोग सहमति जताते नजर आए। वेनेजुएला के राष्ट्रपति को अगवा करने का आरोप- ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि अमेरिका ने हाल ही में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस को उनके निवास से अगवा किया है।

# बेहतर पुलिसिंग को लेकर पुलिस कमिश्नर ने ली अधिकारियों व थाना प्रभारियों की बैठक, कार्यप्रणाली सुधारने के दिए सख्त निर्देश



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने और आमजन के हितों को ध्यान में रखते हुए पुलिस की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा सोमवार दिनांक 19 जनवरी 2026 को कार्यालय सभागार में पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की एक विशेष समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अति पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री अमित सिंह, अति पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री आर. के. सिंह सहित नगरीय क्षेत्र के समस्त पुलिस उपायुक्त, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त तथा सभी थाना प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह ने विगत अवधि में की गई पुलिस कार्यवाहियों की समीक्षा करते हुए अपराध नियंत्रण, नागरिकों की सुविधाओं और जनहित को केंद्र में रखकर पुलिसिंग को और बेहतर बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की।

# मन्दसौर कृषि उपज मंडी की लगातार अव्यवस्था एवं अनिश्चितकालीन बंद के विरोध में कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपा

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने मन्दसौर कृषि उपज मंडी परिसर में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान मंडी में विगत कई दिनों से बनी लगातार अव्यवस्था एवं अनिश्चितकालीन बंद की स्थिति के कारण हजारों किसान परिवारों की आजीविका पर मंडराते गंभीर संकट के विरोध में जोरदार नारेबाजी की गई। अनिश्चित कालीन मंडी के बंद रहने से फसलें (विशेषकर लहसुन, सोयाबीन, प्याज, गेहूं आदि) समय पर नहीं बिक पा रही हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। फसलों की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है।



प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर ने विशेष रूप से मंडी में हो रही कुछ अनुचित प्रथाओं पर भी कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि किसानों से जबरन बारदान (बोरियां) मंगवाना, ठेले को धक्का देना, बोरी पकड़ना जैसी गैर-कानूनी एवं शोषणकारी गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से अंकुश लगाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ये प्रथाएं किसानों के साथ अन्याय हैं और इन्हें पूरी तरह समाप्त किया जाना चाहिए।

प्रदर्शन के बाद जिला कलेक्टर के नाम एक विस्तृत ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में मुख्य मांगें मन्दसौर कृषि उपज मंडी में नीलामी/क्रय-विक्रय का कार्य सामान्य रूप से चालू किया जाए। मंडी में मौजूद सभी अव्यवस्थाओं (सफाई, सुरक्षा, बनियादी ढांचा, जल निकासी आदि) का शीघ्र एवं स्थायी समाधान किया जाए। किसानों को उनकी फसलों की उचित एवं लाभकारी कीमत सुनिश्चित करने हेतु प्रभावी बाजार व्यवस्था एवं आवश्यक प्रशासनिक हस्तक्षेप किया जाए। किसानों से बारदान मंगवाने, ठेले को धक्का देने, बोरी पकड़ने जैसी शोषणकारी प्रथाओं पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। गुर्जर ने कहा किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। मंडी की यह बदहाली न केवल किसानों की आजीविका छीन रही है, बल्कि पूरे क्षेत्र की आर्थिक स्थिरता को खतरे में डाल रही है। हम शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें रख रहे हैं और प्रशासन से अपील करते हैं कि त्वरित एवं सकारात्मक कार्यवाही की जाए। यदि मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो जिला कांग्रेस कमेटी निरंतर शांतिपूर्ण संघर्ष करने के लिए बाध्य होगी। इस अवसर पर विधायक विपिन जैन, वरिष्ठ नेता प्रकाश रातड़िया, परशुराम सिसोदिया,राजेश रघुवंशी, सोमिल नाहटा,मंजीत सिंह टुटेजा,अजय लोढ़ा,इष्टा भावावत, विकास दशोरा,विजेश मालेचा,रूपल संचेती जिला कांग्रेस पदाधिकारीगण में अजहर हयात मेव,डाक्टर प्रीतिपाल सिंह राणा,कातिलाल राठौर,अजय लोढ़ा, सुनील बसेर, लियाकत मेव, सम्यक जैन निर्विकार रातड़िया,महिला नेत्रियों में रूपल संचेती,राखी सत्रावाला,अनीता भदोरिया,वर्षा सांखला,मीना चौहान आदि उपस्थित थे।

## खटीक समाज 23 जनवरी को मनाएगा महाराजा खट्वांग जयंती




**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** महाराजा खट्वांग जयंती दिनांक 23 जनवरी शुक्रवार को संजय गांधी उद्यान मंदसौर में खटीक समाज द्वारा बडे हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। जिसमें भव्य कलश यात्रा व चल समारोह के साथ ही प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन भी होगा। समिति अध्यक्ष दिलीप सांवलिया ने बताया कि 23 जनवरी, शुक्रवार को प्रातः 10 बजे संजय गांधी उद्यान से भव्य कलश यात्रा एवं चल समारोह निकलेगा जिसमें 251 कलश धारण कर महिलाएं सम्मिलित होंगी साथ ही घोड़े, बैंड, डीजे, ढोल व महाराजा खटवांग का भव्य रथ चलसमारोह की शोभा बढ़ाएगा। यह चल समारोह संजय गांधी उद्यान से प्रारंभ होकर महू-नीमच रोड़, बीपीएल चौराहा होकर गांधी चौराहा, बालागंज खटीक मोहल्ला, महाराणा प्रताप बस स्टेण्ड होते हुए पुनः संजय गांधी उद्यान पहुंचेगा। जहां पर महाराजा खटवांग की भव्य महाआरती होगी। जिसके पश्चात् भव्य सम्मान समारोह का आयोजन होगा। जिसमें कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 80 प्रतिशत तथा अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चो का सम्मान किया जाएगा। साथ ही संपूर्ण विभागों से रिटायर्ड कर्मचारियों को मंच से सम्मान किया जाएगा, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित बच्चों को सम्मान किया जाएगा व विशेष सहयोग करने वाले भामाशाहों का भी सम्मान किया जाएगा। समस्त खटीक समाज से अपील की जाती है की अपने सारे कार्य व्यापार, नौकरी, कृषि आदि कार्य बंद रखकर चल समारोह सहित सभी आयोजनों में सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## आदर्श रोड के कार्य को लेकर नपाध्यक्ष ने की एमपीआरडीसी के प्रबंध संचालक से चर्चा

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर के आदर्श रोड का कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने हेतु रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मन्दसौर ने सोमवार को एमपीआरडीसी प्रबंध संचालक से चर्चा की। श्रीमती गुर्जर ने आग्रह किया कि सरदार पटेल चौराहे से लेकर प्रतापगढ़ रोड तक, जहाँ-जहाँ अतिक्रमण हटाया गया है, वहाँ सड़क की स्थिति अत्यंत खराब हो गई है, जिससे शहर के नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अतः शीघ्र सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कर रोड़ को सुव्यवस्थित कराया जाए। इस पर एमपीआरडीसी के प्रबंध संचालक ने आश्वासन दिया कि सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कराने की प्रक्रिया शीघ्र ही पूरी की जा रही है। एमपीआरडीसी के अधिकारियों से बातचीत कर उन्हें तत्काल कार्य प्रारंभ हेतु निर्देश दिए गए। एमपीआरडीसी के अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि रोड़ निर्माण कार्य की प्रक्रिया सोमवार से ही प्रारंभ कर दी जाएगी। नागरिकों को हुई असुविधा का हमें भी दुःख है। सड़क का कार्य शीघ्र प्रारंभ होकर जल्द पूर्ण हो, इसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। श्रीमती गुर्जर ने रोड़ निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए में एमपीआरडीसी के अधिकारियों का धन्यवाद दिया है।

## कृषि मंडी में आर्थिक चक्रव्यूह : नेताओं ने साफा बांधा, बैठक हुई, मंडी आज से चालू होगी

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कृषि उपज मंडी में चल रहा आर्थिक चक्रव्यूह सोमवार को बैठक के बाद समाप्त हुआ। नेताओं ने अपना साफा भी बंधा। बैठक हुई, जिसमें विचार विमर्श किया गया। यानी मंडी आज मंगलवार से चालू होगी। कृषि उपज मंडी समिति, मंदसौर सचिव पर्वत सिंह सिसोदिया द्वारा बताया गया कि कृषि उपज मण्डी समिति मंदसौर के सभा कक्ष में मंडी के सुचारू रूप से संचालन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांसद सुधीर गुप्ता, राज्य सभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, विधायक विपिन जैन, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन, मंदसौर एसडीएम शिवलाल शाक्य, जिला किसान संघ, दशपुर मण्डी व्यापारी संघ, दशपुर मण्डी हम्माल संघ तथा अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। सर्व संबंधित कृषक बंधु, व्यापारी बंधु एवं हम्माल-तुलावटी बंधु को सूचित किया जाता हैं कि कृषि उपज लहसुन एवं प्याज की नीलामी एवं तौल कार्य ट्रेक्टर-ट्राली के माध्यम से किया जावें। एवं कृषि उपज लहसुन के हम्माली की व्यवस्था व्यापारी संघ की देख रेख में सम्पादित करवाने हेतु दशपुर मण्डी व्यापारी संघ एवं दशपुर मण्डी हम्माल संघ के पदाधिकारी आपस में आगामी दो दिवस में बैठक कर व्यवस्था की रूप रेखा तैयार कर क्रियान्वयन करेंगे। जोकि 15 फरवरी तक चालु रहेगी। उक्त व्यवस्था सफल रहने पर आगे यथावत रूप से चालु रहेगी। अन्यथा पुनः बैठक आहुत कर निर्णय लिया जायेंगा। शेष कृषि उपजों की नीलामी एवं तौल प्रक्रिया पूर्व के भाति दिनांक 20 जनवरी से पुनः प्रारंभ की जायेंगी।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी महोदय, मन्दसौर के नाम एक विस्तृत ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर देवकुंवर सौलंकी को दिया। ज्ञापन में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दावा-आपत्तियों, मतदाताओं की सुनवाई प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने की मांग की गई है। महेन्द्र सिंह गुर्जर ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता लोकतंत्र की नींव है। जिला कांग्रेस कमेटी इस पूरे अभियान की सतत निगरानी करेगी और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी के खिलाफ शांतिपूर्ण एवं कानूनी संघर्ष करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम प्रशासन से अपील करते हैं कि उपरोक्त सभी बिंदुओं पर त्वरित एवं प्रभावी दिशा-निर्देश जारी किए जाएं ताकि 22 जनवरी 2026 तक की अंतिम तिथि तक प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष एवं पारदर्शी रहे । इस अवसर पर मल्हारगढ़ विधानसभा प्रत्यक्षी परशुराम सिसोदिया, मनजीत सिंह टुटेजा, अजय लोढा, निर्वाचन प्रभारी पंकज सतिदासानी, सादिक गौरी विशेष रूप से उपस्थित थे।

# शिक्षा विभाग 8 मार्च से पहले सभी स्कूलों में महिलाओं के लिए शौचालय बनवाए : कलेक्टर

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक सुशासन भवन स्थित सभागृह में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि 8 मार्च से पहले ऐसे सभी विद्यालयों में, जहां महिलाओं के लिए शौचालय उपलब्ध नहीं हैं, वहां शौचालय का निर्माण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही इस संबंध में प्रगति रिपोर्ट 8 मार्च से पूर्व प्रस्तुत की जाए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ श्री अनुकूल जैन सहित संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक में संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा की गई। अभियान के अंतर्गत जिले में अब तक 2540 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1238 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया जा चुका है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी प्राप्त आवेदनों की प्रॉपर एंट्री सुनिश्चित की जाए तथा इसके लिए घर-घर सर्वे किया जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। सभी एसडीएम को इस संबंध में सीएमओ, सीईओ के साथ बैठक कर पंचायत स्तर पर नियमित समीक्षा आयोजित करने तथा आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। भूमि आवंटन से जुड़े किसी भी प्रकरण को लंबित न रखने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा शिक्षा विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग को स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल स्रोतों की सफाई से संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## कार से 94 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा जब्त

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पुलिस थाना बेगूं द्वारा मादक पदार्थ तस्करो के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए एक कार से 94.020 किलोग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा जब्त कर दो आरोपियों को गिरफतार किया है। अवैध अफीम डोडाचूरा से भरी कार की एस्कोर्टिंग में प्रयुक्त वाहन मोटर साईकिल जब्त की है।



जिला पुलिस अधीक्षक श्री मनीष त्रिपाठी ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व धरपकड़ कार्यवाही के तहत एएसपी रावतभाटा भगवत सिंह के निर्देशन व डीएसपी बेगूं अंजलि सिंह के सुपरविजन में सोमवार को इंचार्ज थानाधिकारी बेगूं शिवराज राव के नेतृत्व में एएसआई सुरेन्द्र सिंह, कानि. धर्मेन्द्र, मुकेश, जितेन्द्र, हरमेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र व खेमाराम द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 27 चितौडगढ़-कोटा लेन सरहद सामरिया में नाकाबंदी की जा रही थी। नाकाबंदी के दौरान सामरिया की तरफ से एक मोटर साईकिल आई जिसको रुकवाया गया, इसी दौरान पीछे से स्लेटी रंग की टाटा पंच कार भी तेज गति से आई। दोनो को रुकवाकर पूछताछ की गई। मोटर साईकिल चालक 30 वर्षीय बनवारीलाल पुत्र कैलाश बैरागी निवासी कांकरिया तलाई पुलिस थाना रतनगढ़ जिला नीमच मध्यप्रदेश से पूछताछ की गई तो पीछे से आई कार में अफीम डोडाचूरा होना बताकर एस्कोर्टिंग करना बताया। कार की तलाशी ली गई तो कार की डिक्की में व पीछे केबिन में 5 प्लास्टिक के कट्टो में कुल 94.020 किलोग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा अधकुचला /पीसा हुआ पाया गया। उक्त कार व बाईक को जब्त कर कार चालक 27 वर्षीय श्रीलाल पुत्र गंगाराम भील निवासी सांगवा पुलिस थाना भैंसरोडगढ जिला चित्तौड़गढ़ व बाइक सवार आरोपी बनवारीलाल पुत्र कैलाश बैरागी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज अनुसंधान किया जा रहा है। डीएसटी टीम हैड कानि. भूपेन्द्र सिंह, कानि राजदीप सिंह, सुरेन्द्र पाल, दीपक, विजय व विक्रम।

## आगामी एक माह तक अच्छी मेहतन कर सभी विद्यार्थियों को उत्तीर्ण करवाने पर फोकस करें- श्री चंद्रा

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सभी प्राचार्य एवं शिक्षकगण आगामी बोर्ड परीक्षा तक एक माह अच्छी मेहनत कर विद्यार्थियों को पढाएं, प्रयास करें, कि सभी विद्यार्थी उर्त्तीण हो। उनकी श्रेणी में सुधार हो और अधिकाधिक विद्यार्थी प्रदेश की मेरिट में स्थान हासिल करें। नीमच जिला बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम में प्रदेश में पहले स्थान पर रहे। यह बात कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष नीमच में जिले के सभी शासकीय उ.मा.वि.के प्राचार्यो, संकुल प्राचार्यो, बी.ई.ओ., जिला शिक्षा कार्यालय के अधिकारियों की बैठक में 10वीं एवं 12वीं में प्री-बोर्ड के परीक्षा परिणामों की विद्यालयवार समीक्षा करते हुए कही। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री सुजानमल मांगरिया भी उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया, कि प्री-बोर्ड परिक्षा में कक्षा 10वीं का परिणाम 89.5 प्रतिशत एवं 12वीं में 85.9 प्रतिशत रहा है। जो अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम की तुलना में काफी सुधरा है। कलेक्टर ने विद्यालयवार एवं विषयवार परिणामों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए, कि सभी प्राचार्य डी और ई श्रेणी वाले विद्यार्थियों पर विशेष फोकस करे और एक माह में इन श्रेणी के विद्यार्थियों की श्रेणी में सुधार लाकर उन्हें ए श्रेणी में लाने का प्रयास करें। एक माह तक सभी शिक्षक एवं प्राचार्य परीक्षा परिणामों के सुधार पर ही ध्यान दें। अच्छी मेहनत करें और प्रयास करें, कि जिले का परीक्षा परिणाम प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहे।

जिले के अधिकाधिक विद्यार्थी बोर्ड परीक्षाओं में मेरिट में स्थान हांसिल करें। कलेक्टर श्री चंद्रा ने प्री-बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बराड़ा, गर्ल्स रामपुरा, उत्कृष्ट नीमच, सरोदा स्कूलों के प्राचार्यो और शिक्षकों को बधाई दी। वहीं निम्नतम परीक्षा परिणाम वाले विद्यालयों के प्राचार्यो को परिणाम सुधार पर विशेष मेहनत करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रा ने सभी प्राचार्यो को प्री-बोर्ड परीक्षा परिणाम के पश्चात विद्यार्थियों की नियमित काउंसलिंग, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, कमजोर विद्यार्थियों की पहचान, विषयवार उत्तर पुस्तिकाओं का विशलेषण, निधानात्मक कक्षाओं का संचालन, विद्यार्थियों के नियमित अभ्यास एवं उनका निरंतर मुल्याकंन करने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए है।

# गणतंत्र दिवस परेड की साक्षी बनेगी मंदसौर की विधि छात्रा ज्योति सोनी

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जवाहर लाल नेहरू विधि महाविद्यालय, मंदसौर की विधि एलएलबी द्वितीय वर्ष की छात्रा एवं रासेयो स्वयंसेविका ज्योति सोनी रासेयो प्रोग्राम ऑफीसर डॉ. राजेश कौशिक के मार्गदर्शन में,भारत सरकार के माय भारत पोर्टल के माध्यम से चयनित होकर 26 जनवरी को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस परेड की साक्षी बनेंगी। ज्योति सोनी का चयन देशभर से चयनित शीर्ष 200 प्रतिभागियों की सूची में हुआ है, जिन्हें भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय द्वारा ई-निमंत्रण प्रदान किया जाएगा। यह ऐतिहासिक परेड भारत के राष्ट्रपति की अध्यक्षता एवं प्रधानमंत्री सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न होगी। इस उपलब्धि को लेकर महाविद्यालय परिवार एवं जिले में हर्ष का वातावरण है। प्राचार्य विनोद पाटीदार एवं प्राध्यापकगणों ने ज्योति सोनी को बधाई देते हुए इसे महाविद्यालय और मंदसौर जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है। गर्व का विषय है कि पूरे विश्वविद्याल में केवल एक मात्र का चयन हुआ। ज्योति सोनी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों तथा निरंतर परिश्रम को दिया।



## सी.एस.आर.मद को विभागों से समन्वय कर बेहतर उपयोग किया जाए-श्री चंद्रा

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कार्पोरेट सामाजिक दायित्व (सी.एस.आर.) की बैठक सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समस्त सीएसआर इकाईयों ने वर्ष 2025-26 में सीएसआर मद से किये गये कार्यो की जानकारी दी व शेष वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रस्तावित सीएसआर प्लान तथा मद में उपलब्ध बजट की समीक्षा कलेक्टर द्वारा की गई। इकाईयों द्वारा सीएसआर मद से किये गये कुछ उल्लेरखनीय कार्य जैसे सभी इकाईयों द्वारा मिशन बेंचमार्क अंतर्गत शासकीय स्कूलों में फर्नीचर प्रदाय, विक्रम सीमेंट खोर द्वारा वोकेशनल ट्रेनिंग, नैत्र जांच शिविरों का आयोजन करने तथा इकाई ग्रीनको द्वारा लोकल एरिया डेवलोपमेंट अंतर्गत अधोसंरचना कार्यो की कलेक्टर ने सराहना की।




बैठक में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सभी सीएसआर इकाईयों को उपलब्ध सीएसआर बजट के बेहतर उपयोग हेतु संबंधित विभागों से समन्वाय कर कार्य संपादन हेतु निर्देश दिये, ताकि कार्यो का दोहरीकरण न हो व सार्थक उपयोग हो सके। कलेक्टर ने इकाईयों द्वारा चलाये जा रहे जल मंदिरों के पानी की निरंतर जांच कराने के निर्देश दिये गये। बैठक में टाटा सोलर पॉवर के प्रतिनिधि को सी.एस.आर.अंतर्गत किये जा रहे व्यय की मदवार जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिये गये।

सभी इकाईयों को श्री चंद्रा ने निर्देश दिए गए, कि सीएसआर मद से मुख्यतः बुनियादी ढ़ाचा निर्माण कार्य जैसे सड़क निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण, स्वास्थ्य केंद्र, आंगनवाडी व स्कूल भवन निर्माण कार्य एवं दिव्यांगजनों व वंचित वर्गो को स्वारोजगार से जोड़ने के कार्यो को प्राथमिकता दें व ऐसे कार्य करें, जिससे अधिक से अधिक लोकहित जुडा हो।

बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्री पराग जैन, महाप्रबंधक उद्योग श्रीमती योगिता भटनागर, जिला अधिकारीगण एवं सभी सी.एस.आर. इकाईयां अल्ट्रायटेक सीमेंट खोर, अडानी विलमार भाटखेड़ा, धानुका ग्रुप नीमच, एमएस सोलवेक्स, जमुनियाखुर्द, ग्रीनको प्रा.लि.टाटा सोलर पावर प्रा.लि. के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## मध्यम उद्योगो को भूमि आवंटन के लिए ई.ओ.आई.आमंत्रित

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग को औद्योगिक प्रयोजन हेतु हस्तांतरित जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र नीमच के अंतर्गत ग्राम बामनबर्डी तहसील नीमच के सर्वे नं 487 रकबा 34.72 हे. और सर्वे नं 208 रकबा 4.06 हे., ग्राम अमावली महल तहसील नीमच के सर्वे नं 297 रकबा 2.98 हे. और ग्राम जगेपुर हाडा तहसील जावद के सर्वे नं 106/1 रकबा 9.22 हे. अविकसित भूमि के आवंटन हेतु केवल मध्यम उद्योगों (उद्योग जिनमें यंत्र, संयंत्र एवं मशीनरी में निवेश राशि रुपए 25 करोड़ से अधिक एवं राशि रुपए 125 करोड़ तक और वार्षिक टर्न ओवर राशि रुपए 500 करोड़ तक हो) से 30 जनवरी 2026 अपरान्ह 05 बजे तक विभागीय वेबसाइट mpmsme.gov.in पर ईओआई आमंत्रित किए गए हैं, जिनका विस्तृत विवरण वेबसाइट पर उपलब्ध है। भूखंडों का आवंटन मध्य प्रदेश एमएसएमई को औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2025 के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा। आवेदित भूमि हेतु नियम में प्रावधानित आवेदन शुल्क देय होगा, जो वापसी योग्य नहीं होगा। आवेदन शुल्क के अतिरिक्त आवेदित भूमि हेतु आवेदन दिनांक को प्रचलित प्रब्याजी की 25 प्रतिशत अग्रिम राशि पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा करनी होगी।

## कलेक्टर श्री चंद्रा के मार्गदर्शन में जिले की गौशालाओं में किया जा रहा है गौ-संवर्धन के लिए नवाचार

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले की 32 पंजीकृत गौशालाओं में लगभग 8000 से अधिक गौवंश है तथा इनके माध्यम से गौवंश संरक्षण का कार्य किया जा रहा हैं। अब इनको गोवंश संवर्द्धन का माध्यम भी बनाया जा रहा है।

कलेक्टर हिमांशु चन्द्रा के निर्देशन में जिले की 9 चयनित गौशालाओं में 200 गौवंश को चिन्हित कर वैज्ञानिक विधि से उनके प्रजनन चक्र को नियंत्रित कर एक रूप में लाया गया है तथा सभी को 18 एवं 19 जनवरी को एक साथ गीर नस्ल का सेक्स सार्टेड सीमन लगाया गया हैं।

उपसंचालक डॉ.राजेश पाटीदार ने बताया, कि यह प्रदेश में पहला विशेष नवाचार किया है, जो गोवंश उत्पादन न रहने से निराश्रित होकर गोशालाओ में आई है उन्हें पुनः उत्पादक बनाया जा सके।

पशुपालन विभाग इसके लिए एक माह से तैयारी कर रहा है, जिसके तहत गौशालाओं तथा गौवंश का चिन्हाकन, गौवंश को पृथक बाड़े में रखने, गायों को डीवर्मिंग की गोली देकर मीनरल मीक्चर तथा पशु आहार उचित मात्रा में प्रारम्भ करवाया गया है।

## प्रशासन टीम ने की मनासा में कार्यवाही - 4 फर्मो का निरीक्षण कर लिए 23 नमूने

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, एसडीएम मनासा सुश्री किरण आंजना एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.आर.के.खद्योत, अभिहित अधिकारी के निर्देशन में प्रशासन की टीम ने सोमवार को 4 फर्मो का आकस्मिक निरीक्षण किया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री राजू सोलंकी ने बताया, कि टीम ने सोनालिका होटल मनासा का निरीक्षण कर विक्रय हेतु भंडारित खाद्य पदार्थो मावा बर्फी, चाट छोला, समोसा, कचौरी, नमकीन सेव सहित 5 नमूने जांच हेतु लिए। फर्म होटल अरिहंत मनासा का निरीक्षण कर विक्रय हेतु भंडारण रिफाइंड सोयाबीन तेल, समोसा, कचोरी, नमकीन सेव, पोहा, बेसन, मैदा के 7 नमूने जांच हेतु लिए। फर्म होटल वर्षा एवं चाट सेंटर मनासा का निरीक्षण कर विक्रय हेतु भंडारित खाद्य मूंगफली तेल,समोसा, कचोरी, हरी चटनी, लाल चटनी, चाट छोले, दही सहित 7 नमूने जांच हेतु लिए गए है।



उक्त तीनों फर्मो पर नियमानुसार साफ-सफाई नहीं पाई जाने, कर्मचारियों के मेडिकल फिटनेस प्रस्तुत नहीं करने, पानी के बर्तन साफ स्वच्छ नहीं पाए जाने, खाद्य पदार्थ खुले में विक्रय करते पाए जाने पर अधिनियम की धारा 32 के अंतर्गत नोटिस जारी किए गए है। टीम ने, जनता पानी पूरी हॉकर मनासा का निरीक्षण कर विक्रय हेतु भंडारित खाद्य पदार्थ पानी पतासे का पानी हाजमा हजम, पानी पतासे का पानी हींग, पानी पतासे का पानी लहसुन, पानी पतासे का पानी सहित कुल 4 नमूने जांच हेतु लिए गए है।

उक्त लिए गए नमूनों को जांच हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर उपरांत संबंधित के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत अग्रिम कार्यवाही की जाएगी । खाद्य प्रतिष्ठानों के आकस्मिक निरीक्षण की कार्रवाई सतत जारी रहेगी। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा श्री राजू सोलंकी एवं श्री यशवंत कुमार शर्मा एवं अधिकारियों की टीम ने की गई हैं।

# सम्पादकीय

## ईरान संकटः बयानबाज़ी से बमबारी तक की दूरी कितनी?

मध्य पूर्व एक बार फिर सत्ता और संघर्ष की दहलीज़ पर खड़ा दिखाई दे रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक तीखे और असाधारण बयान ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में खलबली मचा दी है, जिसमें उन्होंने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के दशकों पुराने शासन को विफल बताते हुए नई लीडरशिप की खुली मांग कर डाली। यह केवल एक राजनीतिक प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि सत्ता परिवर्तन की ओर इशारा करता हुआ सशक्त संकेत माना जा रहा है। यह बयान ऐसे समय सामने आया है, जब ईरान भीतर ही भीतर आर्थिक दबाव, सामाजिक असंतोष और जनआक्रोश से जूझ रहा है। ऐसे में सवाल और तीखा हो उठता है—क्या यह महज़ शब्दों की जंग है, या किसी बड़े टकराव की प्रस्तावना?

ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों की जड़ें बेहद गहरी और पीड़ादायक हैं। ईंधन सब्सिडी में कटौती से भड़का जनआक्रोश अब बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, राजनीतिक दमन और व्यापक गरीबी के खिलाफ जनांदोलन का रूप ले चुका है। सरकारी आंकड़ों और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों के मुताबिक, इन प्रदर्शनों में अब तक हजारों लोग जान गंवा चुके हैं। सड़कों पर उतरे युवा, महिलाएं और मजदूर सीधे तौर पर शासन को इसके लिए जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। ऐसे माहौल में ट्रंप का यह कहना कि ईरान को नई नेतृत्व व्यवस्था की जरूरत है, प्रदर्शनकारियों के लिए नैतिक समर्थन जैसा लगा, जबकि सत्ता के लिए यह एक सीधी चुनौती बन गया।

डोनाल्ड ट्रंप ने अपने बयान में खामेनेई को न सिर्फ ईरान की बर्बादी का जिम्मेदार ठहराया, बल्कि उन्हें सिक मैन कहकर व्यक्तिगत हमला भी किया। उनका कहना था कि जिस सत्ता की नींव डर और हिंसा पर टिकी हो, वह देश को सम्मान और समृद्धि नहीं दे सकती। ट्रंप का यह रुख नया नहीं है। 2018 में ईरान परमाणु समझौते से बाहर निकलने के बाद से उन्होंने 'मैक्सिमम प्रेशर' नीति अपनाई है। फर्क सिर्फ इतना है कि अब यह दबाव बयानबाजी से आगे बढ़कर खुले तौर पर सत्ता परिवर्तन की मांग में बदलता दिख रहा है।

ईरानी नेतृत्व की प्रतिक्रिया भी उतनी ही कठोर और आक्रामक रही। सुप्रीम लीडर खामेनेई ने ट्रंप को अपराधी और राजद्रोह भड़काने वाला बताया, जबकि राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने साफ चेतावनी दी कि खामेनेई पर किसी भी तरह का हमला पूरे ईरानी राष्ट्र के खिलाफ फुल-स्केल वॉर या ऑल-आउट वॉर माना जाएगा। यह बयान केवल कूटनीतिक भाषा नहीं, बल्कि युद्ध की सीधी धमकी है। इससे साफ हो गया कि ईरान इस मामले को सिर्फ राजनीतिक बयानबाज़ी नहीं, बल्कि अपनी संप्रभुता पर खुला आघात मान रहा है।

इस टकराव की गूंज सिर्फ अमेरिका और ईरान तक सीमित नहीं रहने वाली। मध्य पूर्व पहले ही संघर्षों की आग में सुलग रहा है—गाजा, यमन, सीरिया और लेबनान के हालात जगजाहिर हैं। यदि अमेरिका और ईरान आमने-सामने आते हैं, तो इसका असर तेल आपूर्ति, वैश्विक बाजार और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा पर पड़ेगा। इजराइल और सऊदी अरब जैसे अमेरिकी सहयोगी ट्रंप के रुख से उत्साहित दिखते हैं, जबकि रूस और चीन खुलकर ईरान के पक्ष में खड़े हैं। यह टकराव वैश्विक शक्ति संतुलन को भी गंभीर चुनौती दे सकता है।

इतिहास इस बात का साक्षी है कि अमेरिका की रेजीम चेंज नीति हमेशा स्थिरता नहीं लाती। इराक और लीबिया इसके ठोस उदाहरण हैं, जहां सत्ता परिवर्तन के बाद अराजकता और हिंसा बढ़ी। ईरान की स्थिति और भी जटिल है, क्योंकि वहां सत्ता धार्मिक, सैन्य और राजनीतिक संस्थाओं के मजबूत गठबंधन पर टिकी है। ट्रंप की बयानबाज़ी से अल्पकालिक दबाव जरूर बनता है, लेकिन इससे ईरानी राष्ट्रवाद भी और मजबूत हो सकता है। विदेशी हस्तक्षेप का खतरा अक्सर आंतरिक विरोध को कमजोर करता है—यह सच ईरान पर भी लागू हो सकता है। ईरान के भीतर हालात बेहद नाज़ुक बने हुए हैं। इंटरनेट ब्लैकआउट, सोशल मीडिया पर सख्त पाबंदियां और कथित विदेशी तकनीकी मदद के आरोप शासन की बेचैनी को उजागर करते हैं। महिलाएं और युवा इस आंदोलन की अगुवाई कर रहे हैं, जो 2022 के महसा अमीनी आंदोलन की याद दिलाता है, जहाँ हिजाब नियमों के खिलाफ विरोध हुआ था। ट्रंप का बयान इन आंदोलनों को अंतरराष्ट्रीय ध्यान जरूर दिलाता है, लेकिन यह भी सच्चाई है कि अमेरिकी समर्थन की छाया पड़ते ही शासन दमन और तेज कर सकता है। यही विरोधाभास इस पूरे संकट को और अधिक जटिल बना देता है। वैश्विक स्तर पर प्रतिक्रियाएं साफ तौर पर बंटी हुई नजर आ रही हैं। यूरोपीय देशों ने संयम और संवाद का रास्ता अपनाने की अपील की है, जबकि अमेरिका के भीतर कई नेता ट्रंप के सख्त रुख के समर्थन में खड़े दिखते हैं। सोशल मीडिया पर ईरान में सत्ता परिवर्तन की मांग वाले हैशटैग तेजी से ट्रेंड कर रहे हैं, वहीं अनेक विश्लेषक इसे खतरनाक उकसावे के रूप में देख रहे हैं। मीडिया में यह बहस तेज हो गई है कि क्या ट्रंप वास्तव में सैन्य कार्रवाई की ओर बढ़ना चाहते हैं या फिर यह महज रणनीतिक दबाव बनाने की कोशिश है। ट्रंप का अतीत बताता है कि उनकी धमकियां कई बार बातचीत की मेज तक पहुंचाने का जरिया भी रही हैं। आखिरकार सवाल यही बचता है कि क्या यह बयान किसी नए युद्ध का संकेत है या राजनीतिक शतरंज का एक सोचा-समझा दांव। फिलहाल दोनों ओर से बयानबाजी तेज है, लेकिन सीधा सैन्य टकराव अभी टलता हुआ नजर आता है। इसके बावजूद ऑल-आउट वॉर जैसे शब्द माहौल में तैर रहे हैं, जो किसी भी छोटी चिंगारी को भयानक आग में बदल सकते हैं।

## तनाव, रोग, शोक आदि का सहज उपचार है निर्विचार ध्यान



**वदन्तु शास्त्राणि यजन्तु देवा**
**कुर्वन्तु कर्माणि भजन्तु देवताः ।**
**आत्मैक्यबोधेन बिना विमुक्तिः न**
**सिध्यति ब्रह्मशतान्तरेऽपि ॥**

प. पूज्य श्रीमाताजी प्रणित सहजयोग आत्मबोध या आत्मतत्व की बात करता है। जब हम आत्म तत्व की बात करते हैं तो हमें लगेगा कि ये बड़ा जटिल विषय है। आत्मा-परमात्मा, ये बातें हमें रोजमर्रा के जीवन में उपयोग में आनेवाली नहीं लगती। परंतु जीवन में हम सभी कुछ न कुछ खोज रहे हैं, और हमारी ये खोज तभी पूर्ण होगी जब हम हमारे आत्मतत्व को जान जाएंगे। सहजयोग में जब साधक को आत्मसाक्षात्कार प्राप्त होता है तब उसे यह अनुभूति उसके हृदय में और उसके सूक्ष्म शरीर पर होती है। परंतु आज के विज्ञान के युग में हम भ्रमित हैं तथा माया और भ्रम का प्रभाव इतना अधिक है कि कई बार मानव सत्य को समझ नहीं पाता। बाहर का आडंबर, कर्मकांड, छद्म, कट्टरता, अंधविश्वास को ही धर्म या योग समझ लेता है।

इसलिये श्री आदिशंकराचार्य ने अपने शिष्यों को ग्रंथ विवेकचूडामणि में वैज्ञानिक दृष्टीकोण से सत्य अनुभव करने को कहा। उपरोक्त वर्णित श्लोक में वे कहते हैं, भले ही कोई शास्त्रों का ज्ञान प्राप्त करे, सभी देवताओं का पूजन करे, सभी प्रकारके कर्मकांड करे, देवताओं का भजन करे परंतु जब तक जीव ध्यान के माध्यम से आत्मा में पूर्ण रूप से स्थापित नहीं होता तब तक मुक्ति नहीं मिल सकती। भले ही करोड़ो वर्ष क्यों न बीत जायें। अर्थात मोक्ष के लिये आत्मा में स्थापित होना जरूरी है।

प.पू. श्रीमाताजी कहते हैं कि, आत्मसाक्षात्कार पाये बिना आत्मा में स्थित नहीं हो सकते। और जब आपको आत्मसाक्षात्कार प्राप्त होता है तो आप चित्त को अंतर्मुखी बनाकर अपने हृदय में या सहस्त्रार चक्र यानि कि ब्रह्मरंध्र पर स्थिर करने की कला सीख सकते हैं। और आप भूत व भविष्य के विचारों से मुक्त होकर वर्तमान में स्थित हो जाते हैं। निर्विचार ध्यान का अनुभव आपको अंदर से शक्तिवान और आनंदमयी बना देता है। समस्त तनाव, परेशानियां, रोग, शोक आदि से आप मुक्त हो जाते हैं। इस अद्भुत व अकल्पनीय अनुभव को प्राप्त करने हेतु सहजयोग ध्यान को एक अवसर अवश्य प्रदान करें।

# जनसंख्या और उपलब्ध संसाधनों के समुचित संतुलन की अग्नि परीक्षा

भारत अनुमानित तौर पर एक सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश बन गया है और सबसे ज्यादा युवा जनसंख्या वाला भी देश होगा ।अब समय आ गया है जब देश की सरकार और समूचे जनसंख्या प्रबंधन की इकाइयों को सक्रिय होकर बढ़ती जनसंख्या और उपलब्ध संसाधनों के बीच सामयिक संतुलन बनाकर बड़ी जनसंख्या को बोझ न मानकर एक शक्ति के रूप में स्थापित कर इसका सर्वाधिक दोहन राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए निहित करे।

निश्चित तौर पर यह हम पर है कि हमारी युवा जनसंख्या का उपयोग हम सही तरीके से विकास की गति के साथ साथ तालमेल बिठाकर इसे राष्ट्र के विकास के श्रोत की तरह विकसित करें द्य भारत की युवा और दिवा शक्ति के माध्यम से साइंस, टेक्नोलॉजी,मेडिकल, सेना, कंप्यूटर साइंस और स्वयं के उद्यम से वैश्विक स्तर पर भारत को अग्रणी देश बनाने का प्रयास किया करें द्य

अब इस विशाल जनसंख्या का सीमित संसाधन पर कितना दबाव होगा, आप ये कल्पना कर सकते हैं। बहुत अधिक जनसंख्या देश में अनेक सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक समस्याओं को जन्म भी देती है। वर्तमान में भारत 142करोड़ जनसंख्या (अनुमानित) के साथ विश्व में अनुमानित तौर पर दूसरे नंबर पर है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1989 से 11 जुलाई को हर वर्ष जनसंख्या दिवस के रूप में मनाता है पर जनसंख्या नियंत्रण या जनसंख्या नियोजन पर भारत जैसे देश में कोई भी योजना नहीं बनती है। यही जनसंख्या बढ़ चुकी है और भारत में युवा जनसंख्या 55त्न से ज्यादा है तो इसका सकारात्मक उपयोग ही किया जाना युक्ति युक्त होगा। व्यापारिक दृष्टिकोण से भारत की जनसंख्या बाजार की ताकत है पर सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से जनसंख्या विकास के लिए बड़ी बाधक भी है। अधिक जनसंख्या के दबाव में सीमित संसाधन छिन्न-भिन्न हो जाते हैं आम जनता को उनकी मूल जरूरतों की आवश्यक वस्तुएं नहीं मिल पाती और यदि मिलती भी है तो बहुत ऊंची दरों में या बहुत महंगाई के बाद।ऐसे में देश में अनेक समस्याएं पैदा होती है, और सबसे ज्यादा जनसंख्या के दबाव से विकास के लिए संकट खड़ा हो जाता है। विकास धीरे-धीरे मध्यम का अवरुद्ध हो जाता है। देश का आर्थिक नियोजन चरमराने लगता है।

वर्ष 1951 से 81 के दशक को भारत की जनसंख्या की विस्फोटक अवधि के रूप में जाना जाता है। यह देश में मृत्यु दर के तीव्र स्खलन और जनसंख्या की उच्च प्रजनन दर के कारण हुआ है। वर्ष 1921 तक की अवधि में भारत की जनसंख्या की वृद्धि स्थिर अवस्था में रही क्योंकि इस अवधि में जनसंख्या वृद्धि की दर काफी निम्न थी। 1981 से लगातार अभी तक जनसंख्या की दर बढ़ती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा बढ़ती जनसंख्या के मुद्दों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस स्लोगन %परिवार नियोजन मानव का अधिकार% रखा गया है, ताकि बढ़ती जनसंख्या से उत्पन्न समस्याओं के प्रति जागरूक होकर लोगों द्वारा परिवार नियोजन पर उत्साहजनक जोर दिया जाए। यह स्लोगन यह संकेत करता है कि सुरक्षित एवं शैक्षिक परिवार नियोजन एक जिम्मेदार नागरिक का अधिकार है और यह सभी लोगों को सशक्त बनाएगा और देश में विकास की गति को तेज करने में सहायक भी होगा। भारत की जनसंख्या बढ़ने का प्रमुख कारण बढ़ती जन्म दर और कम मृत्यु दर भी है।

जनसंख्या वृद्धि के कारण देश मैं बेरोजगारी गरीबी पर्यावरण प्रदूषण जैसी समस्याएं चुनौती बनकर सामने आई जो समाज व्यक्ति और राष्ट्र सभी के विकास को अवरुद्ध करती है। हमारे पास उपलब्ध संसाधन इतनी बड़ी आबादी के लिए कतई पर्याप्त नहीं है। विकास और देश की समृद्धि के लिए जनसंख्या नियंत्रण एक आवश्यक अंग हो सकता है। कई यूरोपीय देशों ने अपनी बढ़ती जनसंख्या एवं संसाधनों में उचित तालमेल हेतु परिवार नियंत्रण प्रणाली को का निर्णय लिया किंतु एक समय बाद वहां कार्यशील जनसंख्या की अपेक्षा वृद्धों की संख्या में वृद्धि हुई जिससे मानव संसाधन की समस्याएं उनके सामने आने लगी हैं। चीन में पहले जनसंख्या नियंत्रण किया गया था। सरकार ने वैधानिक रूप से एक या दो बच्चे पैदा करने की शर्तें लागू की थी, पर वहां बुजुर्गों, वृद्धों की संख्या में भारी वृद्धि होने के पश्चात चीन की सरकार ने ज्यादा से ज्यादा बच्चे पैदा करने की अपनी जनता से अपील की है।

जापान एक छोटा सा देश होने के बावजूद अपने सीमित संसाधनों के चलते अपने नवाचार तथा तकनीकी शक्ति के बल पर विकासशील देशों के समकक्ष खड़ा है। भारत जैसे विशाल देश में जहां बहुत बड़ी जनसंख्या भी है और विकास के लिए आवश्यक संसाधन भी हैं, विकास करने के लिए केवल विशाल जनसंख्या के साथ सामंजस्य बिठाने की आवश्यकता होगी। भारत में जनसंख्या नियंत्रण के साथ-साथ उसके अनुपात में संसाधनों का संतुलन बना कर विकास की नई दिशा दी जा सकती है। संसाधनों की उचित दोहन हेतु सही और सटीक नीति तथा उसके क्रियान्वयन की आवश्यकता होगी। इसके अलावा नवाचार एवं उचित तकनीक प्रौद्योगिकी को भी अमल में लाना होगा।

भारत विश्व का प्रथम देश है जिसने 1952 में परिवार नियोजन कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर शुरू किया इसका परिणाम भी अच्छा हुआ था कि पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या की वृद्धि में संतोषजनक गिरावट आई है। यह तो विदित है कि किसी भी राष्ट्र की संतुलित विकास की धारा तभी संभव है जब वहां के विकास में सहायक संसाधनों का संतुलन बना रहे। किसी एक घटक का संतुलन यदि गड़बड़ होता है तो विकास के लिए गंभीर समस्याएं जन्म लेना शुरू करती हैं। भारत की जनसंख्या इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो दिन दूर नहीं जब संसाधनों की कमी से भारत को जूझना होगा फिर विकास की बात बेमानी हो जाएगी। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा जनसंख्या दिवस मनाने का उद्देश्य है कि व्यक्ति समाज सरकार और योजना कानों के मन में इस विषय से संबंधित समस्याओं के प्रति चेतना संवेदना जगाना ही है ताकि लोगों में बढ़ती जनसंख्या से जुड़ी समस्याएं एवं अवरोधों के बारे में जागरूकता ज्यादा से ज्यादा विस्तारित हो।

भारत के पास विकास के सभी मापदंड होते हुए भी देश पिछड़ा हुआ है, भारत में तकनीकी का कम विकास, कमजोर शिक्षा ,परंपरागत स्रोत, कृषि का निम्न स्तर, आर्थिक असमानता जैसी अनेक समस्याएं हैं जो विकास मैं बाधक बनती रही है। वर्तमान में देश के पास प्राकृतिक एवं मानव संसाधन इतना है कि बढ़ती जनसंख्या की समस्याओं से आसानी से निपटा जा सके पर इस बात की अत्यंत आवश्यकता है कि संसाधनों का उचित दोहन तथा उसका सही उपयोग विकास की दिशा में भ्रष्टाचार से बचाकर किया जाए। यह अत्यंत उल्लेखनीय है कि जनसंख्या की समस्या से निपटने तथा विकास की दर को बढ़ाने की जिम्मेदारी केवल शासन प्रशासन की ही नहीं है इसके लिए आम नागरिक भी जिम्मेदार है क्योंकि समस्याएं खड़ी करने में आमजन का एक बड़ा वर्ग भी है, इसीलिए हम सबको जनसंख्या नियंत्रण और विकास की धारा को सही दिशा प्रदान करने के लिए सक्रिय सहयोग देना होगा तब ही देश एक सशक्त राष्ट बन पाएगा।

**-संजीव ठाकुर**

## बड़े बैंक चाहिए या अधिक फुर्तीले बैंक? तकनीकी बदलाव के बीच बदलाव के लिए तैयार सेक्टर

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि सरकार भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के साथ इस बारे में चर्चा कर रही है कि विलय की पिछली प्रक्रिया में बाकी रह गए छह सरकारी बैंकों का समेकन किया जाए। इन बैंकों में बैंक ऑफ इंडिया जैसा बड़ा बैंक भी शामिल है और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक, पंजाब ऐंड सिंध बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र और यूको बैंक जैसे मझोले और छोटे बैंक भी शामिल हैं।

बड़ा सवाल यह है कि हमें बड़े बैंकों की आवश्यकता है या अधिक तेजी से काम करने वाले फुर्तीले बैंकों की? ऐसा नहीं है कि बैंकिंग में आकार महत्त्वपूर्ण नहीं है लेकिन फुर्ती एक ऐसी चीज है जो भविष्य में बचे रहने और नाकाम होने में अहम अंतर करेगा। खासकर तब जबकि आने वाले समय में फिनटेक, म्युचुअल फंड्स, बड़ी गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) और यहां तक कि बड़े निकाय भी बैंकिंग क्षेत्र में निवेश पर विचार कर सकते हैं।

यह क्षेत्र बदलाव के लिए पूरी तरह तैयार नजर आ रहा है। इसमें संदेह नहीं कि विदेशी कंपनियां भारतीय बैंकों और फिनटेक में हिस्सेदारी खरीदना चाहती हैं। कुछ वर्ष पहले सिंगापुर के डीबीएस ने लक्ष्मी विलास बैंक का अधिग्रहण किया। अभी हाल ही में निजी क्षेत्र के दो छोटे बैंकों येस बैंक और आरबीएल बैंक का दो विदेशी बैंकों ने अधिग्रहण कर लिया, सुमितोमो मित्सुई फाइनैंशियल ग्रुप और एमिरेट्स एनबीडी।

स्पष्ट है कि रिजर्व बैंक की इस सोच में बदलाव आ रहा है कि विफल होते हुए बैंकों का बड़े सरकारी या निजी बैंकों में विलय किया जाए। परंतु, प्रौद्योगिकी और ग्राहक आवश्यकताओं में बदलते रुझानों के संदर्भ में, इसे और भी तेजी से बदलना होगा। जब प्रतिस्पर्धा तेज होने वाली है, तब इसे विनियमन से जुड़ी समस्याओं के लिए और अधिक नए समाधान खोजने होंगे।

मानसिकता में पहला बदलाव शायद कॉरपोरेट प्रवर्तकों के संबंध में हो सकता है। बहुत बड़ी कंपनियां जो एनबीएफसी का संचालन कर रही हैं, उनके पास प्रबंधन के लिए बहुत अधिक संपत्ति है। उदाहरण के लिए, बजाज फाइनैंस की समेकित परिसंपत्ति करीब 4.6 लाख करोड़ रुपये की है। यानी उसका व्यवस्थागत जोखिम मझोले आकार के बैंकों के संभावित जोखिम से कतई कम नहीं है। आदर्श हालात में इतने बड़े बैंकों को पारंपरिक बैंक में बदल दिया जाना चाहिए। परंतु रिजर्व बैंक कॉरपोरेट स्वामित्व वाले बैंक के विचार के विरुद्ध है। बात यह है कि अगर उन पर बड़ी एनबीएफसी संचालित करने के लिए भरोसा किया जा सकता है तो बैंक चलाने के लिए क्यों नहीं? रिजर्व बैंक की हिचक के ऐतिहासिक कारण हैं। राष्ट्रीयकरण के पहले बैंक अपने ही प्रवर्तकों की कंपनियों को ऋण दिया करते थे जिससे बड़ी समस्याएं उठ खड़ी होती थीं।

**-सुनील कुमार महला**

# बंगाल में लोकतंत्र, विकास और अस्मिता की निर्णायक परीक्षा-घड़ी

पश्चिम बंगाल की राजनीति इस समय एक ऐसे संक्रमण काल से गुजर रही है, जहां सत्ता, संघर्ष, कानून और जनभावना-चारों धाराएं एक-दूसरे से टकराती हुई दिखाई देती हैं। यह टकराव केवल भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच राजनीतिक वर्चस्व की लड़ाई भर नहीं है, बल्कि यह उस शासन शैली, लोकतांत्रिक मर्यादा और विकास दृष्टि की भी परीक्षा है, जिसके आधार पर बंगाल अपनी आने वाली राजनीतिक दिशा तय करेगा। लंबे समय तक ÷खेला होगा÷ के नारे के सहारे भाजपा को रोकने में सफल रहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सामने इस बार परिस्थितियां अपेक्षाकृत अधिक जटिल, चुनौतीपूर्ण और बहुआयामी नजर आ रही हैं। आज समूचे देश की नजरे पश्चिम बंगाल पर टिकी है। वहां आगामी विधानसभा काफी रोमांचक एवं निर्णायक होगा, जिसमें पश्चिम बंगाल का नया भविष्य बुनने की दिशाएं उद्घाटित होगी।

एक ओर केंद्र और राज्य के बीच टकराव अपने चरम पर है, तो दूसरी ओर केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई, अदालती टिप्पणियां और कानूनी बहसें राजनीतिक विमर्श को नियंत्रित कर रही हैं। सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणियों ने केवल एक कानूनी प्रश्न ही नहीं उठाया, बल्कि यह संकेत भी दिया कि राज्य सरकारों द्वारा केंद्रीय जांच एजेंसियों के कामकाज में हस्तक्षेप की सीमाएं कहां तक हो सकती हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने ममता बनर्जी की उस राजनीतिक छवि को आंशिक रूप से प्रभावित किया है, जो अब तक स्वयं को केंद्र के कथित दमन के विरुद्ध संघीय ढांचे की रक्षक के रूप में प्रस्तुत करती रही हैं। अदालतों में लंबी चलने वाली कानूनी लड़ाइयों का राजनीतिक प्रभाव तुरंत और गहरा होता है, विशेषकर तब, जब चुनाव नजदीक हों और जनता का ध्यान प्रशासनिक उपलब्धियों से हटकर आरोप-प्रत्यारोप पर केंद्रित होने लगे। बंगाल की राजनीति की एक विशिष्ट विशेषता यह रही है कि यहां विचारधारा और भावनाएं अत्यंत तीव्र रूप से अभिव्यक्त होती हैं। वाम मोर्चे के लंबे शासन के बाद ममता बनर्जी का उदय एक जनांदोलन के रूप में हुआ था। उन्होंने न केवल वामपंथी वर्चस्व को तोड़ा, बल्कि खुद को गरीब, हाशिए के वर्ग और क्षेत्रीय अस्मिता की आवाज के रूप में स्थापित किया। शुरुआती वर्षों में उनकी सरकार ने कुछ कल्याणकारी योजनाओं और सशक्त राजनीतिक संप्रेषण के माध्यम से जनता का विश्वास भी अर्जित किया। किंतु समय के साथ सत्ता का केंद्रीकरण, संगठन पर अत्यधिक नियंत्रण और विरोध के प्रति असहिष्णुता जैसे आरोप भी समानांतर रूप से उभरते गए।

भाजपा ने इन्हीं कमजोरियों को अपना राजनीतिक आधार बनाने की कोशिश की है। 2019 के लोकसभा चुनावों से लेकर अब तक भाजपा ने बंगाल में अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत किया है और हिंदुत्व, राष्ट्रवाद तथा भ्रष्टाचार विरोधी विमर्श को आक्रामक रूप से आगे बढ़ाया है। हालांकि विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने भारी बहुमत से वापसी की, लेकिन यह भी सच है कि भाजपा बंगाल की राजनीति में एक स्थायी और निर्णायक शक्ति के रूप में स्थापित हो चुकी है। मत प्रतिशत में अंतर और सीटों का आंकड़ा भाजपा के लिए भले ही निराशाजनक रहा हो, पर संगठनात्मक विस्तार और सामाजिक आधार का विस्तार उसके लिए भविष्य की संभावनाओं के द्वार खोलता है। हाल के वर्षों में बंगाल में विकास का प्रश्न अपेक्षाकृत पीछे छूटता दिखाई दिया है। उद्योग, निवेश और रोजगार के मुद्दे राजनीतिक शोर में दब गए हैं। आम जनता की एक बड़ी चिंता यह भी है कि राज्य की राजनीति निरंतर टकराव और हिंसा के आरोपों से क्यों घिरी रहती है। चुनावी हिंसा, राजनीतिक कार्यकर्ताओं पर हमले और प्रशासन की निष्पक्षता पर उठते सवाल राज्य की छवि को नुकसान पहुंचाते हैं। पड़ोसी देशों से अवैध घुसपैठ, सीमावर्ती इलाकों में जनसांख्यिकीय बदलाव और कानून-व्यवस्था की चुनौतियां भी राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बन चुकी हैं। इन मुद्दों पर ममता सरकार का रुख अक्सर रक्षात्मक दिखाई देता है, जबकि भाजपा इन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा और सांस्कृतिक पहचान से जोड़कर व्यापक समर्थन जुटाने का प्रयास करती है।

महाराष्ट्र के शहरी निकाय चुनावों और बिहार में भाजपा को मिली हालिया सफलता ने पार्टी के आत्मविश्वास को निश्चित रूप से बढ़ाया है। भाजपा का यह विश्वास कि बंगाल अब भी राजनीतिक परिवर्तन के लिए तैयार है, केवल चुनावी आंकड़ों पर आधारित नहीं है, बल्कि वह इसे एक लंबी रणनीति का हिस्सा मानती है। किंतु बंगाल कोई साधारण राजनीतिक मैदान नहीं है। यहां की सामाजिक संरचना, सांस्कृतिक चेतना और ऐतिहासिक स्मृति किसी भी दल के लिए आसान नहीं रही है। ममता बनर्जी की सबसे बड़ी ताकत आज भी उनकी जमीनी पकड़ और भावनात्मक अपील है, जो उन्हें भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से अलग, एक क्षेत्रीय और स्थानीय नेता के रूप में स्थापित करती है। आने वाले विधानसभा चुनाव वास्तव में इस बात की कसौटी होंगे कि जनता विकास, स्थिरता और कानून-व्यवस्था को प्राथमिकता देती है या फिर भावनात्मक और पहचान आधारित राजनीति को? क्या ममता बनर्जी लगातार चौथी बार सत्ता में लौटकर यह सिद्ध कर पाएंगी कि केंद्र से टकराव ही उनकी सबसे बड़ी राजनीतिक पूंजी है, या भाजपा जनता को यह विश्वास दिलाने में सफल होगी कि परिवर्तन ही स्थायित्व और विकास का रास्ता है, यह प्रश्न अभी खुला हुआ है। अदालती प्रक्रियाएं, राजनीतिक बयानबाजी और चुनावी रणनीतियां अपनी जगह हैं, लेकिन अंतिम निर्णय बंगाल की जनता के हाथ में है।

पश्चिम बंगाल की राजनीति आज संकीर्णता और सांप्रदायिक ध्रूवीकरण के ऐसे दौर से गुजर रही है, जिसने विकास की गति को गंभीर रूप से अवरुद्ध किया है। कभी देश की आर्थिक, औद्योगिक और बौद्धिक राजधानी कहलाने वाला बंगाल-विशेषकर कोलकाता, आज निवेश, उद्योग और रोजगार के मोर्चे पर पिछड़ता हुआ दिखाई देता है। ममता बनर्जी के लंबे शासनकाल में औद्योगिक विश्वास का क्षरण, पूंजी पलायन, बंद होती इकाइयाँ और युवाओं का अन्य राज्यों की ओर पलायन इस गिरावट के स्पष्ट संकेत हैं। लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वायत्तता पर उठते प्रश्न, विपक्षी आवाज़ों का दमन और चुनावी हिंसा की घटनाएँ राज्य के लोकतांत्रिक स्वास्थ्य पर गहरी चोट करती हैं। इसके साथ ही, राज्य में सामाजिक ताने-बाने को लेकर बढ़ती आशंकाएँ भी कम चिंताजनक नहीं हैं। अनेक क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था, धार्मिक स्वतंत्रता और अल्पसंख्यक-बहुसंख्यक संबंधों को लेकर शिकायतें सामने आती रही हैं; विशेषकर हिंदू समाज के एक हिस्से में असुरक्षा की भावना ने जनमन को आहत किया है। इन घटनाओं और धारणाओं ने जनता के भरोसे को कमजोर किया है और शासन के प्रति निराशा को बढ़ाया है। राजनीति जब पहचान और विभाजन के इर्द-गिर्द सिमटती है, तो विकास, समावेशन और सामाजिक सौहार्द पीछे छूट जाते हैं, यही आज के बंगाल की त्रासदी बनती दिख रही है।

ऐसे समय में बंगाल की जनता के लिए अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति सजग होना अनिवार्य है। यह राज्य केवल भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि उसकी अस्मिता उसकी बौद्धिक परंपरा, भावनात्मक संवेदनशीलता, धार्मिक सहअस्तित्व, आध्यात्मिक खोज और समृद्ध साहित्यिक विरासत से निर्मित है-रवींद्रनाथ से विवेकानंद तक की धरोहर इसे दिशा देती रही है। दंगों, हिंसा और भय के साए में इस अस्मिता पर जो दाग लगे हैं, उन्हें मिटाने का मार्ग शांतिपूर्ण, जागरूक और निर्भीक लोकतांत्रिक सहभागिता से ही निकलेगा। आगामी चुनाव जनता के लिए आत्ममंथन और आत्मनिर्णय का अवसर हैं-जहाँ मत केवल सत्ता नहीं, बल्कि बंगाल के भविष्य, उसकी संस्कृति और उसके लोकतांत्रिक आत्मसम्मान की रक्षा का माध्यम बनना चाहिए।

**-ललित गर्ग**

# तीन विधेयक और एक बजटः शीतकालीन सत्र भविष्य के बजट को कैसे करेगा प्रभावित

भारतीय संसद के कुछ ही शीतकालीन सत्रों ने केंद्र सरकार की वित्तीय स्थिति पर उतना प्रभाव डाला है जितना पिछले सप्ताह समाप्त हुए सत्र ने डाला। गत 19 दिसंबर को समाप्त हुए एक पखवाड़े लंबे शीतकालीन सत्र को इस बात के लिए भी उचित ही याद किया जाएगा कि सरकार ने कई विधेयक बहुत कम समय में पेश किए और उन्हें गहन जांच के लिए संसदीय समितियों के पास भेजने की विपक्ष की मांग को अनदेखा कर दिया। परंतु, इसके अलावा भी इस पर चर्चा बहुत कम हुई है कि संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान पेश किए गए तीन विधेयकों का वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के आगामी 2026-27 के बजट पर किस तरह का असर होगा।

शुरुआत करते हैं 'हेल्थ सिक्योरिटी से नैशनल सिक्योरिटी सेस एक्ट, 2025' से। इस नए कानून के जरिये पान मसाला जैसी वस्तुओं के उत्पादन या केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित अन्य वस्तुओं के उत्पादन पर एक उपकर लगाया गया।

इस कदम का एक संदर्भ है। तीन सितंबर 2025 को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने 5 फीसदी, 12 फीसदी, 18 फीसदी और 28 फीसदी की चार कर दरों वाली व्यवस्था को युक्तिसंगत बनाते हुए जीएसटी को तीन दरों वाली व्यवस्था में बदल दिया गया। आवश्यक और प्राथमिकता क्षेत्र की वस्तुओं एवं सेवाओं के लिए 5 फीसदी की रियायती दर, अधिकांश वस्तुओं के लिए 18 फीसदी की मानक दर, और चुनी हुई नुकसानदेह और विलासिता की वस्तुओं की सूची पर 40 फीसदी की दंडात्मक दर लगाई गई।

नई दर व्यवस्था 22 सितंबर से लागू हो गई। नई दरों के लागू होते ही, जीएसटी क्षतिपूर्ति सेस, जो विभिन्न दरों पर लगाया जाता था, सभी वस्तुओं पर समाप्त कर दिया गया, सिवाय तंबाकू और उससे संबंधित उत्पादों के जिनमें पान मसाला भी शामिल है। तंबाकू उत्पादों पर सेस तब तक जारी रहना था जब तक केंद्र सरकार कोविड महामारी के दौरान राज्यों को राजस्व की कमी की भरपाई के लिए लिए गए बकाया ऋण (ब्याज सहित) का भुगतान नहीं कर देती। उपलब्ध संकेतों के अनुसार, यह पुनर्भुगतान दायित्व दिसंबर 2025 के अंत तक पूरा हो जाना चाहिए। यही वह जगह है जहां 'हेल्थ सिक्योरिटी से नैशनल सिक्योरिटी सेस अधिनियम, 2025' का महत्त्व और उसके केंद्रीय बजट के लिए निहितार्थ सामने आते हैं।

यानी जब जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर समाप्त होगा तो पान मसाला से संबंधित नया उपकर लागू हो जाएगा। अब तक नया उपकर कानून केवल पान मसाले के लिए दरों का जिक्र करता है। परंतु ध्यान रखने वाली बात है कि अधिसूचना के जरिये नया कानून अन्य तंबाकू उत्पादों पर भी लागू किया जा सकता है। ऐसे में संभव है कि तंबाकू उद्योग जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर की जगह नए तरह का कर देता रहे। इसमें कुछ भी गलत नहीं है सिवाय इसके कि इसका असर केंद्र और राज्यों पर अलग-अलग पड़ेगा। यदि जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर जारी रहता, तो उसकी वसूली केंद्र और राज्यों के बीच एक सूत्र के अनुसार बांटी जाती। लेकिन नया उपकर केंद्र द्वारा वसूला जाएगा और उसके खजाने में रखा जाएगा। यह कहने की आवश्यकता नहीं कि इससे केंद्रीय बजट को लाभ होगा।

आने वाले वर्षों में यह राशि केवल बढ़ेगी और भले ही स्वास्थ्य देखभाल और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक अलग कोष बनाया जाए ताकि सेस संग्रह से ऐसे खर्चों के लिए धन दिया जा सके, लेकिन यह निर्विवाद है कि केंद्र की वित्तीय स्थिति को शुद्ध लाभ होगा। यदि इसके बजाय केंद्र ने ऐसे तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त कर जीएसटी व्यवस्था के तहत या उत्पाद शुल्क के रूप में लगाया होता, तो राज्यों को भी लाभ मिलता। जीएसटी कानूनों के तहत निर्धारित राजस्व हिस्सेदारी या वित्त आयोग के वितरण सूत्र के अनुसार।

दूसरी विधायी पहल जिसे संसद मंजूर कर चुकी है वह है महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) में बदलाव और उसका नाम बदलकर विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार ऐंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम करना। इसका नाम बदलना एक राजनीतिक विवाद में तब्दील हो गया। इस बात को समझा जा सकता है। परंतु नए कानून की सबसे अहम बात है ग्रामीण रोजगार योजना के क्रियान्वयन में राज्यों की वित्तीय जिम्मेदारी को बढ़ा देना। अब साल में 125 दिन काम देने का वादा किया गया है जबकि पहले 100 दिन की गारंटी थी। नए कानून ने योजना को चलाने की लागत साझा करने के लिए एक नया सूत्र पेश किया है। पहले के कानून के अनुसार राज्यों को योजना की लागत का लगभग 10 फीसदी वहन करना पड़ता था, जबकि केंद्र लगभग 90 फीसदी बोझ उठाता था। लेकिन नए कानून ने केंद्र के व्यय हिस्से को घटाकर 60 फीसदी कर दिया और राज्यों के हिस्से को बढ़ाकर 40 फीसदी कर दिया। एक ही झटके में, इस कानून के कारण केंद्र सरकार का वित्तीय बोझ लगभग एक-तिहाई कम हो जाना चाहिए। इन आंकड़ों पर विचार कीजिए। बीते तीन साल से केंद्र सरकार ने मनरेगा के तहत 85,000 से 90,000 करोड़ रुपये खर्च कर रही है। राज्यों की हिस्सेदारी को मिलाकर देखा जाए तो इस योजना के तहत सालाना वार्षिक व्यय करीब एक लाख करोड़ रुपये है।

**-धनंजय राजौरा**

# तीन दिन से लापता युवक की लाश देख गुस्साए ग्रामीण

## दो घंटे तक सड़क पर लेटकर हाईवे किया जाम, हत्या की जताई आशंका



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** तीन दिन से लापता युवक की लाश सोमवार सुबह कुंए में तैरती मिली। मामले का लेकर पहले ही आशंका जता रहे ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और वे हाईवे पर पहुंच गए। जहां करीब दो घंटे तक ग्रामीणों ने सड़क पर लेटकर प्रदर्शन किया और पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। अंत मे पुलिसकर्मियों ने बमुश्किल ग्रामीणो को समझाईश देकर हाईवे से हटाया।

जिले के सलसलाई थाना क्षेत्र के ग्राम तिंगजपुर में लापता युवक देवनारायण पिता भेरुलाल (22) का शव सोमवार सुबह एक कुएं में मिला। युवक शुक्रवार से लापता था। उसकी बाइक गांव के एक कुएं के पास ावारिस हालत में पाई गई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि युवक की हत्या की गई है और पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सारंगपुर-सलसलाई स्टेट हाईवे 41 पर चक्का जाम कर दिया। वे पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। थाना प्रभारी जनक सिंह रावत ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि पहले शव का पोस्टमार्टम कराया जाए, उसके बाद उचित कार्रवाई की जाएगी, लेकिन ग्रामीण उनकी बात मानने को तैयार नहीं हुए और अपनी मांगों पर अड़े रहे।

मजदूरी पर पल रहा था परिवार, पुलिस ने नहीं की परिवार की मदद

ग्रामीण पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारे लगाते रहे और कहते रहे कि हमें न्याय चाहिए। गरीब परिवार का युवक था, अभी शादी भी नहीं हुई थी। पूरा परिवार मजदूरी कर चलता था। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने समय रहते युवक को ढूंढने की कोशिश नहीं की, जिससे उसकी मौत हो गई। यदि पुलिस मामले में गंभीरता दिखाती तो युवक सही सलामत होता।

एम्बुलेंस व स्कूली वाहनों को दिया रास्ता - हाईवे पर नारेबाजी कर जाम कर रहे ग्रामीणों ने इंसानियत भी दिखाई। जब प्रदर्शन के दौरान एक एम्बुलेंस वहां फंसी तो ग्रामीणों ने कुछ देर प्रदर्शन रोककर एम्बुलेंस को रास्ता दिया। कुछ देर बाद जब एक स्कूली वाहन आया तो ग्रामीणों ने उसे भी निकलने के लिए रास्ता दिया। वाहनों के जाते ही ग्रामीणों ने अपना विरोध जारी रखा।

12 बजे बाद खुला जाम, सुगम हुआ यातायात- हत्या का आरोप लगा रहे ग्रामीणों को पुलिस प्रशासन ने बार-बार समझाने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीणों ने कुछ शर्ते रखी और न्याय की मांग की। इस पर एसडीओपी बेरछा ने एक टीम गठित की है, जो मामले की जांच करेगी। तहसीलदार ने कहा है कि जो भी मदद होगी, वह जरूर की जाएगी। तब कहीं जाकर ग्रामीण माने और जाम खत्म किया। लेकिन उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर 48 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो फिर से चक्का जाम किया जाएगा। उन्होंने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की है।

यह था मामला- शुक्रवार को 23 वर्षीय युवक देवकरण पिता भेरूलाल अपने घर से बेरछा थाना अंतर्गत ग्राम लालाखेड़ी जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। उसकी बाइक गुलाना रोड पर लावारिस हालत में मिली थी। देवकरण के भाई ने पुलिस को बताया था कि उसकी शुक्रवार शाम करीब 6.25 बजे उससे आखिरी बार बात की थी। देवकरण ने बताया था कि वह बोलाई पहुंच गया है। कुछ देर बाद ओमप्रकाश ने दोबारा संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन देवकरण का मोबाइल बंद आने लगा। रात 9 बजे तक भी जब देवकरण घर नहीं लौटा, तो परिजनों को चिंता हुई। इसके बाद ओमप्रकाश अपने भाई को ढूंढने के लिए गुलाना-बोलाई की ओर निकल गया। रात करीब 10 बजे उसे तिंगजपुर-गुलाना रोड पर संतोष मालवीय के कुएं के पास देवकरण की बाइक लावारिस हालत में मिली थी। परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों में उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस की मदद ली।

# अनूभूति कैम्प में दिखा पर्यावरण प्रेम, बच्चों ने बनाई आकर्षक मानव श्रृंखला



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** दुपाड़ा रोड स्थित वनमण्डल शाजापुर अन्तर्गत अनुभूति कार्यक्रम की श्रंखला में ईको अनुभूति केम्प का आयोजन किया गया। जहां बच्चों को पर्यावरण का महत्व बताने के साथ ही इसके संरक्षण की शपथ दिलाई गई। सोमवार को इस अनुभूति कैम्प में शासकीय उमावि विवेकानन्द भरड़, उ.मा.वि सतगांव एवं ज्योतिनगर के विद्यार्थी शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक अरूण भीमावद, विशेष अतिथि भाजपा नगर अध्यक्ष पं. आशीष नागर व शैलेंद्र पायलेट ने शामिल होकर बच्चों को प्रोत्साहित किया और इस कैंप में बच्चों को किट बैग, पुस्तक व केप का वितरण किया। केम्प में मास्टर ट्रेनर पदम परमार वनरक्षक, परिक्षेत्र सहायक अशोकसिंह बघेल द्वारा बच्चों को वन एवं वन्यप्राणियों से अवगत करवाकर अनुभूति करवाई गई। अंत में बच्चों को वन एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा करने की शपथ दिलवाई गई।

बच्चों को बताया पर्यावरण का महत्व - इस कैंप में वन मंडलाधिकारी हेमलता शाह, उप वनमण्डलाधिकारी शाजापुर एफएस निनामा एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी शाजापुर पुष्पलता मौर्य द्वारा बच्चों को जंगल की अनुभूति कराई गई। केम्प में शाजापुर के शासकीय स्कूलों के 120 बच्चे सम्मिलित हुए। जिन्होंने बच्चों को प्राकृतिक चीजों के बारे में विस्तार से बताया और इस दौरान बच्चों को प्लास्टीक का उपयोग ना करते हुए पेड़ों की पत्तियों से बनी थाली में भोजन कराते हुए प्रदूषण को रोकने हेतु जागरूक किया गया।

# गणतंत्र दिवस की तैयारियां शुरू, स्टेडियम में शुरू हुई पुलिस और बच्चों की रिहर्सल

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर में 26 जनवरी को मनाए जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। जिला मुख्यालय स्थित स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम के लिए स्कूली बच्चों और पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार रिहर्सल की जा रही है।

रिहर्सल में 800 से अधिक स्कूली बच्चे उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। वे पीटी, सामूहिक व्यायाम और कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का अभ्यास कर रहे हैं। बच्चों का उद्देश्य गणतंत्र दिवस पर अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को सफल बनाना है। इसी क्रम में पुलिस प्रशासन भी परेड और सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर अभ्यास कर रहा है। पुलिस जवान कदमताल, सलामी और अनुशासन का प्रदर्शन कर रहे हैं। कार्यक्रम की गरिमा बनाए रखने और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी शाजापुर जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल होंगे।

# अस्पताल परिसर में महिला और युवक ने एक-दूसरे पर बरसाई चप्पल

## पुलिस ने दोनो को पहुंचाया थाने, जांच जारी



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अस्पताल परिसर में एक युवक और एक महिला के बीच विवाद हो गया। दोनो ने एक-दूसरे पर चप्पलें बरसाई। इसके बाद युवक ने महिला को धक्का दे दिया, जिससे महिला के सिर में चोंट लग गई। इसके बाद पहुंची पुलिस दोनो को थाने ले गई, जहां दोनो से पूछताछ की गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शाजापुर जिला अस्पताल में सोमवार सुबह करीब 11 बजे एक युवक और महिला के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें दोनों एक-दूसरे पर चप्पलों से हमला करते दिख रहे हैं। मारपीट में युवक ने महिला को धक्का दिया जिससे महिला के सिर में चोट आई। जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला के सिर में तीन टांके लगाए गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मारपीट करने वाले युवक को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया। युवक की पहचान रोहित के रूप में हुई है। युवक ने पुलिस को बताया कि वह अपनी बाइक निकाल रहा था, तभी महिला की साड़ी उसकी बाइक के पैडल में फंस गई। इसी बात को लेकर महिला ने उससे अपशब्द कहे और चप्पल से मारपीट शुरू कर दी। वहीं घायल महिला शीला का कहना है कि वह अस्पताल में दवा लेने आई थी। युवक अपनी बाइक इधर-उधर कर रहा था और फोन पर बात कर रहा था। जब उन्होंने उसे तमीज से बात करने को कहा तो युवक ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी, जिससे उनके सिर में चोट आई। फिलहाल युवक और महिला दोनों कोतवाली थाने ले जाया गया। पुलिस दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर मामले की जांच कर रही है और नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क पर खड़े मवेशियों से टकराई कार, हादसे मे चार लोग घायल



**शाजापुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले के सुनेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत अभयपुर गांव के पास नेशनल हाईवे-52 पर सोमवार सुबह 11 बजे एक सड़क हादसा हुआ। सड़क पर अचानक आवारा मवेशी आ जाने से एक चार पहिया वाहन अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गया। इस हादसे में वाहन सवार चार लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान बच्चा श्याम, सलोनी, धापू बाई और बलराम के रूप में हुई है। ये सभी पीर खेड़ी से इंदौर के पास स्थित राजपुरा अपने घर जा रहे थे। जानकारी के अनुसार जैसे ही उनका वाहन अभयपुर गांव के पास पहुंचा सामने अचानक मवेशियों का झुंड आ गया। मवेशियों को बचाने के प्रयास में चालक का संतुलन बिगड़ गया और वाहन सीधे बिजली के खंभे से जा टकराया। हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को तत्काल उपचार के लिए शाजापुर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

# आनंद उत्सव के अंतर्गत सफाई मित्रों के लिए पारंपरिक खेलकूद कार्यक्रम आयोजित



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देश अनुसार आनंद उत्सव के अंतर्गत सफाई मित्रों के लिए पारंपरिक खेलकूद कार्यक्रमों का आयोजन उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। नगर निगम स्वच्छ भारत मिशन से अरुण तोमर द्वारा बताया गया कि आनंद उत्सव वर्ष 2026 के आयोजनों में मुख्य रूप से पारंपरिक खेल शामिल किए गए है जैसे कबड्डी खो-खो, रस्साकशी, झूला, मटका फोड़ और नींबू चम्मच दौड़, कुश्ती, संगीत, कुर्सी आदि आयोजित किए जा रहे है। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य सफाई मित्रों को उनके कार्य से कुछ समय का ब्रेक देना व दैनिक जीवन शैली में आनंद की अनुभूति करवाना है।

# वन्देमातरम राष्ट्रगीत की 150 वीं वर्षगांठ के अवसर पर महाविद्यालय में दिया प्रशिक्षण



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग,भोपाल मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय श्रीकृष्णजी राव पवार स्नातकोत्तर महविद्यालय,देवास में दिनांक 19-01-2026 को राष्ट्गीत वन्देमातरम की 150 वीं वर्षगांठ अवसर पर महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों हेतु द्वितीय चरण के प्रशिक्षण सत्र का आयोजन आई.क्यू.ए.सी सेल एवं प्राचार्य द्वारा गठित समिति के तत्वाधान में किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. पी.एस राणा की अध्यक्षता और डॉ.रतन सिंह अनारे की विशेष उपस्थिति में प्रशिक्षण कार्य प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षण सत्र में सर्वप्रथम डॉ.एस.पी.एस राणा द्वारा प्रशिक्षण कार्य का उदेश्य बताते हुए वन्दे मातरम के ऐतिहासिक और संस्कृतिक महत्व को समझाया और साथ ही राष्ट के प्रति अपने दायित्व निर्वहन हेतु विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। प्रशिक्षण के अगले चरण में डॉ. रजत राठौर द्वारा वन्देमातरम राष्ट्गीत के सृजन, गायन और राष्ट्रीय महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की गई तत्पश्चात डॉ.आराधना डीकुना द्वारा विद्यार्थियों को सस्वर वन्देमातरम राष्ट्गीत गाया गया और उसके बाद ने पूर्ण उत्साह से राष्ट्गान भी गाया। राष्ट भाव के साथ महाविद्यालय के परिसर में एक स्वर में राष्ट्गीत और राष्ट्गान के गायन से समूचा वातावरण राष्टमयी हो गया। इस प्रशिक्षण कार्य का संयोजन डॉ.रेखा कौशल,सहायक प्राध्यापक,हिंदी विभाग द्वारा किया गया एवं सहसंयोजक डॉ.ममता लावरे रहीं। प्रशिक्षक के रूप में डॉ.आराधना डीकुना और आयोजन सहयोगी के रूप में डॉ. भारती वास्केल, डॉ.रजत राठौर, जितेंद्रसिंह राजपूत उपस्थित रहे। डॉ.सीमा सोनी,डॉ.संजय सिंह बरोनिया,डॉ.मनोज मालवीय, डॉ.ललिता गौरे,डॉ.लीना दुबे,श्री अरुण खुशवंशी द्वारा आयोजन व्यवस्था में अपना विशेष सहयोग प्रदान किया। महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों के साथ प्राध्यापक, अधिकारी एवं कर्मचारी इस प्रशिक्षण में सम्मिलित रहे। संयोजक डॉ.रेखा कौशल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान करने हेतु समस्त उपस्थितों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जल जीवन मिशन से विकासखण्ड कन्नौद के ग्राम बामनी खुर्द में हर घर मिल रहा है नल से शुद्ध जल

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** देवास जिला अब गांव-गांव में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता में आत्म निर्भर होने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा गावों में जल जीवन मिशन के सफल क्रियान्वयन से ग्रामीण परिवारों की जिंदगी में बदलाव नजर आने लगा है। जिले में स्वच्छ एवं सुलभ पेयजल आपूर्ति से घर बैठे उपलब्ध होने से कई सारी समस्याओं का समाधान हो रहा है। इसी कड़ी में देवास जिले में विकासखण्ड कन्नौद का ग्राम बामनी खुर्द अब आत्मनिर्भरता की श्रृंखला में शामिल हो चुका है। ग्राम में एक समय ऐसा था, जब प्राकृतिक संसाधनों की कमी के कारण ग्राम में पेयजल का अभाव रहता था, तभी ग्राम में भारत सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल-जल योजना का क्रियान्वयन पीएचई विभाग के माध्यम से ग्राम में किया गया। वर्तमान में ग्राम के सभी 350 परिवारों को पर्याप्त पेयजल एवं स्वच्छ पेयजल मिलना रहा है। ग्राम में नल जल योजना से पूर्व ग्राम बामनी खुर्द में पानी के मुख्य स्त्रौत हेंडपंप, सरकारी कुएं और कुछ व्यक्तिगत नलकूप थे। जिनसे ग्रामवासियों की पानी की सभी आवश्यकताओं की पूर्ति होती थीं, किंतु यह सभी स्त्रौत गर्मी के मौसम में पूरी तरह से सुख जाते थे एवं गांव के 01-02 हैंडपंप बड़ी मुश्किल से चलते थे। लोगों को पानी दूर दराज खेतों के कुओं से और टेंकर से पानी खरीद से लेना पड़ता था, जिसकी समस्या के चलते खेत कुओं से पानी समय पर नही मिलता था।

# संकल्प से समाधान अभियान के तहत जिले के नागरिकों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए लगाये जा रहे है शिविर



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासन के निर्देश अनुसार देवास जिले में ''संकल्प से समाधान'' अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 31 मार्च 2026 तक आयोजित किया जाएगा। अभियान ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय और जिला स्तर पर संचालित कर हिताग्राहियों को शासकीय योजनाओं और सेवाओं का लाभ दिया दिलाया जा रहा है। संकल्प से समाधान अभियान के प्रथम चरण में घर-घर जाकर ग्राम स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी के गठित दल द्वारा आवेदन के एकत्रीकरण का कार्य किया जा रहा है। अभियान का प्रथम चरण 15 फरवरी तक चलेगा, जिसमें ग्राम पंचायत/नगरीय वार्ड स्तर पर गठित समितियां घर-घर जाकर तथा शिविरों के माध्यम से आवेदन/शिकायतें एकत्र कर रही है।

प्रथम चरण ( 12 जनवरी से 15 फरवरी ) में ग्राम पंचायत/नगरीय वार्ड स्तर पर समितियां गठित कर घर-घर जाकर या शिविरों के माध्यम से आवेदन/शिकायतें एकत्र की जाएंगी। ये आवेदन ष्टरू हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज किए जाएंगे।

द्वितीय चरण (16 फरवरी से 16 मार्च 2026) में क्लस्टर/जोन स्तर पर शिविर आयोजित कर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तहसीलदार, नायब तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी आदि इसके नोडल अधिकारी होंगे।

तृतीय चरण (16 मार्च से 26 मार्च 2026) में विकासखंड/ब्लॉक स्तर पर शेष आवेदनों का समाधान, जहां नगर पालिका/पंचायत साथ हों, वहां संयुक्त शिविर लगाए जाएंगे।

चतुर्थ चरण (26 मार्च से 31 मार्च 2026) में जिला स्तर पर अंतिम शिविर, जहां जिले के प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में शेष आवेदनों का निराकरण और हितलाभ वितरण किया जाएगा।

# श्री कृष्ण अर्जुन संबंधी संवाद संगोष्ठी एवं श्री कृष्ण चरित्र पर व्याख्यान



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार बलराम जयंती 14 अगस्त एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी 16 अगस्त के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजी राव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास में आइ-क्यू-एसी- एवं प्राचार्य महोदय द्वारा गठित समिति के तत्वावधान में 19 जनवरी 2026 को माह दिसंबर एवं माह जनवरी के लिए निर्धारित गतिविधि श्री कृष्ण अर्जुन संबंधी संवाद संगोष्ठी एवं श्री कृष्ण चरित्र पर व्याख्यान का आयोजन रखा गया।

प्राचार्य डॉ. एसपीएस राणा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में डॉ संजय सिंह बरौनिया, डॉ. शशि सोलंकी, डॉ.प्रीति मालवीय, डॉ. संदीप सिंह नागर, एवं डॉ लीना दुबे ने मंच साझा किया। भारतीय संस्कृति के अनुरूप मंचासीन प्राध्यापकों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का आरंभ किया गया। श्री कृष्ण अर्जुन संबंधी संवाद संगोष्ठी एवं श्री कृष्ण के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए मुख्य वक्ता डॉ संदीप सिंह नागर सहायक प्राध्यापक प्राणी शास्त्र ने अपने वक्तव्य में भगवान श्री कृष्ण के मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के द्वारा स्थापित आदर्शों के साथ-साथ शक्ति एवं कूटनीति द्वारा समाज एवं धर्म की सदैव रक्षा करने वाले स्वरूप को सदन में रखा और श्रीकृष्ण के चरित्र से प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना मुस्कुराहट के साथ करने की सीख दी । संगोष्ठी एवं व्याख्यान के विषय विशेष पर प्रकाश डालते हुए डॉ लीना दुबे ने महाभारत युद्ध के दौरान निराशा में डूबे अर्जुन के मन में आशा का संचार करने के उद्देश्य से श्रीमुख से कही गई गीता के 18 अध्याय की विद्यार्थी जीवन में प्रासंगिकता पर उदबोधन दिया और साथ ही श्रीकृष्ण के चरित्र से नेतृत्व के गुण को सीखने और व्यवहारिक जीवन में उतारने हेतु प्रेरित किया । इस अवसर पर डॉ. विद्या माहेश्वरी डॉ. ममता झाला डॉ. सत्यम सोनी, डॉ. आराधना डिकुना, डॉ. माया ठाकुर की गरिमामयी उपस्थिति के साथ ही विद्यार्थियों की अनुशासनबद्ध उपस्थिति रही और ज्ञान लाभ प्राप्त किया।

# आनंद उत्सव में बच्चे, बुजुर्ग एवं महिलाएं उत्साह से विभिन्न प्रतियोगिताओं में कर रहे हैं सहभागिता



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासन के निर्देशानुसार के जिले में कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में ÷आनंद उत्सव÷ का आयोजन किया जा रहा है। आनंद उत्सव में जिले के ग्रामों एवं नगरीय निकायों में बच्चों, बुजुर्गों एवं महिलाओं के लिए विभिन्न पारंपरिक खेल प्रतियोगिता आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सभी उत्साह से सहभागिता कर आनंद की अनुभूति प्राप्त कर रहे हैं।

आनंद विभाग की समन्वयक डॉ समीरा नईम ने बताया कि देवास जिले के सभी विकासखंडों एवं नगर परिषदों में लगभग 295 स्थानों पर आनंद उत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिलेवासी 28 जनवरी तक संचालित आनंद उत्सव में उत्साह के साथ सहभागिता कर पारंपरिक खेलों का आनंद ले रहे हैं। यह उत्सव नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के महिला एवं पुरुषों में आनंद की अनुभूति दिलाने के लिए आयोजित किया जा रहा है।

# सोनकच्छ में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के प्रति किया जागरूक




**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** एमएसएमई विकास कार्यालय, इंदौर द्वारा सोमवार को जिनवाणी कॉलेज, सोनकच्छ में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं विशेष रूप से अनुसूचित जाति वर्ग के प्रतिभागियों को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम में सहायक निदेशक, एमएसएमई विकास कार्यालय इंदौर श्री निलेश त्रिवेदी ने एमएसएमई द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, पीएमईजीपी, क्रेडिट गारंटी ट्रस्ट स्कीम फॉर माइक्रो एवं स्मॉल एंटरप्राइज (CGTMSE), क्लस्टर डेवलपमेंट स्कीम (CDS), प्रोक्योरमेंट एवं मार्केटिंग सपोर्ट (PMS), 25 प्रतिशत सार्वजनिक खरीद नीति, बारकोड रीइंबर्समेंट, ट्रेडमार्क रीइंबर्समेंट, डिजाइन रजिस्ट्रेशन रीइंबर्समेंट, पीएमएफएमई स्कीम तथा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत उपलब्ध सहायता एवं लाभों के बारे में विस्तार से बताया।

# सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों में लापरवाही पर कलेक्टर ने दिखाई सख्ती

## समय पर संतुष्टिपूर्ण निराकरण नहीं करने वाले अधिकारियों को जुर्माने की चेतावनी




**सीहोर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक के दौरान कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के समय पर एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण नहीं होने पर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि जिन अधिकारियों द्वारा निर्धारित समय-सीमा में शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान नहीं किया जाएगा, उन पर जुर्माना लगाया जाएगा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लें, आवेदकों से समन्वय बनाए रखें तथा फीडबैक के साथ प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को वास्तविक और समयबद्ध राहत मिल सके।

उन्होंने नेशनल हाईवे परियोजना के लिए भू-अर्जन की कार्रवाई में हो रहे विलंब पर घोर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि भू-अर्जन में देरी के कारण परियोजनाओं की शुरुआत प्रभावित हो रही है, जिससे आम जनता को सुविधाएं मिलने में अनावश्यक विलंब हो रहा है। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस कार्य में आपसी समन्वय के साथ आ रही समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। उन्होंने रेलवे एवं नेशनल हाईवे परियोजनाओं के लिए आवश्यक भू-अर्जन की कार्रवाई जल्द से जल्द पूरी करने के निर्देश भी दिए, ताकि विकास कार्यों में तेजी लाई जा सके और जनता को जल्द लाभ मिल सके।

कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने जिलेभर में जल संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु जल सुनवाई आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति, जलस्तर, हैंडपंप, नल-जल योजना सहित अन्य जल संबंधी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका समयबद्ध निराकरण किया जाए। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ जल सुनवाई का आयोजन करने, आमजन की समस्याएं मौके पर सुनने और तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को शीघ्र राहत मिल सके।

कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने शासकीय उचित मूल्य दुकानों से राशन वितरण की समीक्षा के दौरान राजस्व एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि संदिग्ध एवं अपात्र हितग्राहियों के नाम सूची से हटाए जाएं, ताकि वास्तविक और पात्र हितग्राहियों के नाम जोड़े जा सकें। कलेक्टर ने मध्याह्न भोजन योजना के तहत खाद्यान्न के उठाव एवं वितरण को समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाएं।

कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने भावान्तर भुगतान योजना के तहत सोयाबीन की खरीदी के लिए निर्धारित अंतिम तिथि तक की गई समस्त खरीदी की जानकारी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने शासन के निर्देशानुसार सत्यापन सहित अन्य आवश्यक कार्यवाहियों को शीघ्र पूर्ण करने पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि योजना के अंतर्गत सभी पात्र किसानों का भुगतान समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए। साथ ही जिन किसानों के ई-पेमेंट असफल (फेल) हुए हैं, उनके प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई करते हुए जल्द से जल्द रिपेमेंट कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने जिले में संचालित संकल्प से समाधान अभियान संचालन प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने अभियान के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों एवं समस्याओं के निराकरण में गति लाने, विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा आमजन को समय पर राहत उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि यह अभियान 31 मार्च 2026 तक ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय, तहसील एवं जिला स्तर पर संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत भारत सरकार एवं राज्य शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं सहित अन्य सेवाओं का लाभ निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप पात्र हितग्राहियों को प्रदान किया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के सभी एसडीएम, जनपद सीईओ तथा नगरीय निकायों के सीएमओ द्वारा अभियान के प्रथम चरण के लिए ग्राम एवं वार्ड स्तरीय समितियों तथा नोडल अधिकारियों की टीमों का गठन कर शिविर लगाये जा रहे हैं। इसके साथ ही कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ से समन्वय कर अभियान से संबंधित आवश्यक डेटा एंट्री को पोर्टल पर समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने गणतंत्र दिवस समारोह के भव्य एवं गरिमामय आयोजन को लेकर अनेक अधिकारियों को विभिन्न दायित्व सौंपे। उन्होंने समारोह के बेहतर, सुव्यवस्थित आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें, ताकि समारोह गरिमा, अनुशासन और उत्साह के साथ संपन्न हो। उन्होंने सुरक्षा, यातायात, मंच व्यवस्था, परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वच्छता तथा अतिथियों की सुविधाओं सहित सभी व्यवस्थाओं को समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में आनंद उत्सव के तहत ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में उत्सव कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इन आयोजनों के माध्यम से जनभागीदारी बढ़ेगी और लोगों को सांस्कृतिक, खेलकूद एवं मनोरंजक गतिविधियों से जोड़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आनंद उत्सव के कार्यक्रम सुव्यवस्थित, समन्वित एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किए जाएं, ताकि ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों के नागरिकों की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित हो सके। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव, अपर कलेक्टर श्री वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत, श्री रविन्द्र परमार, डिप्टी कलेक्टर श्री जमील खान, एसडीएम श्री तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रेम सिंह गौड़ सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# क्षत्रिय राठौड तेली समाज बदनावर का सामूहिक विवाह सम्मेलन 4 फरवरी



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** बदनावर आगामी 4 फरवरी को क्षत्रिय राठौड़ तेली समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन होगा। आज स्थानीय होती मैरिज गार्डन बड़ी चौपाटी बदनावर में श्री गणेशजी की पूजन कर लग्न दिए गए। सामूहिक विवाह सम्मेलन बसंत पर्व 4 फरवरी को होगा। आज लग्न टीप वर वधु पक्ष को विधिवत श्रीगणेश की पूजन अर्चना कर लग्न दिए गए। टिप कार्यक्रम में सामूहिक विवाह सम्मेलन अध्यक्ष ओमप्रकाश राठौड़ ने बताया की यह सामूहिक विवाह समारोह का यह 19 वा वर्ष है। राठौड़ समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा 18 वर्ष पूर्व विवाह के फिजूल खर्च रोकने हेतु सामूहिक विवाह करने का निर्णय लिया था। 18 वर्ष में कुल 744 जोड़े का विवाह सम्पन्न कराया गया इस वर्ष कुल 16 जोड़े का विवाह करवाया जावेगा सफलतम 18 वर्ष पूर्ण हुए। आभार राजमल राठौड़ ने माना जानकारी मीडिया प्रभारी मोहित राठौड़ ने दी।

# विप्र नारी शक्ति संगठन का हल्दी कुमकुम कार्यक्रम संपन्न



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** विप्र नारी शक्ति संगठन का हल्दी कुमकुम कार्यक्रम संभाग मंत्री स्मिता शर्मा के घर पर संपन्न हुआ। साथ में भजनों का भी सुंदर आयोजन हुआ व इस हल्दी कुमकुम कार्यक्रम में सभी ने एक दूसरे को हल्दी कुमकुम लगाकर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर श्रीमती मोनिका जोशी, श्रीमती प्रियंका शर्मा, श्रीमती संगीता पंड्या, श्रीमती संजना व्यास, श्रीमती विद्या शर्मा, श्रीमती निधि द्विवेदी, श्रीमती सीमा रावल, श्रीमती मंजुला मेहता, श्रीमती साधना शर्मा, श्रीमती जय श्री भट्ट, श्रीमती नेहा शर्मा, मंजू लिटोरिया, श्रीमती आकांक्षा मिश्रा, शकुंतला मिश्रा शामिल रही।

# संकल्प से समाधान अभियान :- जिले में अभी तक 8 हजार 292 आवेदन प्राप्त

**जबलपुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में चलाये जा रहे संकल्प से समाधान अभियान के पहले चरण में घर-घर संपर्क के दौरान नागरिकों से अभी तक केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न सेवाओं एवं योजनाओं से संबंधित 8 हजार 292 आवेदन प्राप्त हुये हैं और इनमें से 4 हजार 752 का निराकरण किया जा चुका है।

निराकृत प्रकरणों में स्वीकृत आवेदनों की संख्या 4 हजार 729 एवं अस्वीकृत किये गये आवेदनों की संख्या 23 है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा के अनुरूप केंद्र एवं राज्य शासन की योजनाओं एवं सेवाओं का प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने प्रदेश भर में स्वामी विवेकानन्द की जयंती 12 जनवरी से संकल्प से समाधान अभियान प्रारंभ किया गया है। चार चरणों के इस अभियान में नागरिकों को 106 विभागों से जुड़ी सेवाओं और योजनाओं का लाभ दिया जायेगा। इसके लिये पंचायत, नगरीय निकाय एवं जिला स्तर पर समितियों का गठन किया गया है। अभियान के 12 जनवरी से 15 फरवरी तक के पहले चरण में नागरिकों से केंद्र और राज्य शासन की सेवाओं एवं योजनाओं से सबंधित आवेदन प्राप्त करने ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत स्तर पर एवं शहरी क्षेत्र में वार्ड स्तर पर दलों का गठन किया गया है। ये दल घर-घर जाकर या शिविर लगाकर आवेदन एवं शिकायत प्राप्त कर रहे हैं। नागरिकों से प्राप्त प्रत्येक आवेदन एवं शिकायतों को सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज किया जा रहा है। सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज करने के बाद आवेदनों और शिकायतों को विभागवार संबंधित अधिकारियों को भेजा जा रहा है और निराकरण की स्थिति भी सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज की जा रही है। इसके लिये क्लस्टर स्तर पर नोडल अधिकारियों को नियुक्ति की गई है।

संकल्प से समाधान अभियान के प्रथम चरण में अनिराकृत प्रकरणों का निराकरण 16 फरवरी से 16 मार्च तक चलाये जाने वाले दूसरे चरण में क्लस्टर स्तर पर शिविर लगाकर किया जायेगा। क्लस्टर स्तर पर आयोजित शिविरों में आम नागरिक आवेदन दे सकेंगे।

अभियान का तीसरा चरण 16 मार्च से 26 तक चलाया जायेगा। तीसरे चरण में क्लस्टर स्तर पर अनिराकृत आवेदनों और शिकायतों तथा नये प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण करने खण्ड स्तर पर शिविर लगाये जायेंगे। इन शिविरों में किये गये निराकरणों को ब्लॉक लेवल नोडल अधिकारी द्वारा सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज किया जायेगा।

# श्री शारदा हायर सेकेंडरी स्कूल में संपन्न हुआ पुरस्कार वितरण समारोह एवं बाल भोग का कार्यक्रम



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** श्री शारदा इंस्टिट्यूट ऑफ़ एजुकेशन में पुरस्कार वितरण समारोह एवं बाल भोग का गरिमा पूर्ण आयोजन हुआ जो बड़नगर नगर की होनहार बेटी अंशिता नरेंद्र राठौड़ ए एस आई एक्साइज विभाग के मुख्य अतिथि एवं रामप्रसाद राठौर बी आर सी बड़नगर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ कार्यक्रम के प्रथम चरण में प्राचार्य बृजेश श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का माला पहनकर प्रतीक चिन्ह भेंट किए तथा शब्दों के माध्यम से स्वागत किया तत्पश्चात अतिथियों के कर कमल से संस्था के सभी कक्षाओं के टॉपर्स को उनके माता-पिता के साथ सम्मानित कर उन्हें सर्टिफिकेट एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किए गए तथा खेलकूद प्रतियोगिता एवं कल्चरल प्रोग्राम के विजेताओं को मेडल एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किए गए अंशिता राठौर ने अपने उद्बोधन में बच्चों से कहा कि उन्हें अपने जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए एवं जब तक वह प्राप्त न हो प्रयास करते रहना चाहिए उन्होंने अटल जी की प्रसिद्ध रचना क्या ÷हद्धर में क्या जीत में÷का स स्वर पाठ कर सभी को मंत्र मुक्त कर दिया रामप्रसाद राठौर ने अपने अध्यक्ष भाषण में विजेता बच्चों को बधाइयां देते हुए इस अनूठे कार्यक्रम के लिए संस्था एवं संस्था के शिक्षकों की हृदय से सराहना की इस अवसर पर मुख्य रूप से श्री शारदा शिक्षण समिति के अध्यक्ष मनीष पंड्या एवं सचिव डॉ जितेंद्र श्रीवास्तव एवं दोनों जन शिक्षक गंगाराम गहलोत एवं नंदकिशोर चौहान उपस्थित रहे पूरे वार्षिक उत्सव का संयोजन सुभाष राठौड़ एवं कार्यक्रम का संचालन संस्था की व्याख्याता संतोष जोशी ने किया तथा आभार मनीष पांडयद्व ने माना।

# राज्यपाल के कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर एसपी ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण



**सीहोर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल 20 जनवरी 2026 को दोपहर 01¬50 बजे भैरूंदा तहसील के ग्राम मोगराखेड़ा पहुंचेंगे और वहां आयोजित जनजातीय विकास सशक्तिकरण सम्मेलन में शामिल होंगे। इसके पश्चात राज्यपाल श्री पटेल दोपहर 03¬20 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे। कलेक्टर श्री बालागुरू के. तथा एसपी श्री दीपक कुमार शुक्ला ने भैरूंदा तहसील के ग्राम मोगराखेड़ा में 20 जनवरी को आयोजित होने वाले राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल के कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां समय से पहले ही पूर्ण कर ली जाएं तथा सभी विभाग एक दूसरे से समन्वय स्थापित कर कार्य करें। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर आगमन, निर्गमन, पेयजल, बैरिकेडिंग, पार्किंग, फायर ब्रिगेड, यातायात, बैठक व्यवस्था एवं साफ सफाई सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसपी श्री दीपक कुमार शुक्ला ने सभी पुलिस अधिकारियों को कार्यक्रमों में सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री सुधीर कुशवाह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# गुप्त नवरात्र में हिंगलाज माता का श्रृंगार व विधि विधान से पूजा की



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** प्राचीन हिंगलाज माता मंदिर रंगार सेरी बड़नगर मे गुप्त नवरात्र के प्रथम दिन सोमवार को माता का केसरिया वस्त्र से श्रृंगार एवं विधि विधान से पूजन कर महा आरती की गई पुजारी देवपुरी गोस्वामी ने बताया कि गुप्त नवरात्र में शांत वातावरण में माता मंदिर में दुर्गा सप्तशती का पाठ व आराधना करने पर माता सभी मनोकामनाएं पूरी करती है इस अवसर पर महिलाओं ने भजन कीर्तन,व आराधना कर माता से परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना कीजानकारी पुजारी देवपुरी गोस्वामी ने दी।

# कृषि की नवीन तकनीकों, योजनाओं एवं नवाचारों की जानकारी देने के लिए संचालित किया जा रहा है कृषि रथ

**सीहोर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री बालागुरू के. के निर्देशानुसार कृषि वर्ष 2026 के तहत किसानों को कृषि से जुड़ी नवीन तकनीक, योजनाओं एवं नवाचारों की जानकारी देने के उद्देश्य से प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले में भी कृषि रथ संचालित किया जा रहा है। कृषि रथ के माध्यम से किसानों को जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, उन्नत बीज एवं कीट-रोग प्रबंधन, फसल विविधीकरण, कृषि आधारित उद्यमिता, ई-तकनीक से जुड़ी योजनाएं तथा पराली प्रबंधन जैसी जानकारियां दी जा रही है।

इसी क्रम में यह कृषि रथ यात्रा 20 जनवरी को सीहोर जनपद के ग्राम बरखेड़ा, बरखेड़ी दोराहा एवं पाटन पहुँची। इस अवसर पर ग्राम पंचायत पाटन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कृषि उप संचालक श्री अशोक कुमार उपाध्याय द्वारा किसानों को सूक्ष्म सिंचाई योजनांतर्गत स्प्रिंकलर एवं पाइप लाइन के लाभ और उनकी ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही कृषि यंत्रों जैसे पावर स्प्रे एवं कुटी मशीन हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया से किसानों को अवगत कराया गया। इस दौरान नरवाई प्रबंधन के महत्व एवं पर्यावरण संरक्षण में इसकी भूमिका के बारे में भी किसानों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में श्री कमलसिंह ठाकुर, श्री करण सिंह लवाना, श्री अभिषेक मुकाती, श्री लाडसिंह बकोडिया, श्री गजेन्द्र मालवीय, श्री देवप्रकाश वर्मा और श्री राकेश पटेल सहित किसान उपस्थित थे।

# युवा राजपूत संगठन द्वारा मनाई गई वीर शिरोमणि श्री महाराणा प्रताप की 429 वी पुण्यतिथि




**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 429 वी पुण्यतिथि के अवसर पर युवा राजपूत संगठन एवं राजपूत समाज द्वारा महाराणा प्रताप चौक बदनावर पर एकत्रित होकर महाराणा प्रताप का दुग्धाभिषेक एवं माल्यार्पण एवं महाराणा प्रताप जयघोष के साथ मनाई गई है जिसमें युवराज संगठन संरक्षक भूपेंद्र सिंह जादौन और युवा राजपूत संगठन अध्यक्ष सुरेन्द्रसिंह कनवासा गोविन्द सिंह छोटा कठोड़िया कमल सिंह पाईकुण्डा सुरेंद्र सिंह बेगंदा लाखन सिंह गोहिल गोपाल सिंह खेड़ी सुमेर सिंह राजदीप बना गौतम बना एवं समस्त समाज जन उपस्थित रहा यह जानकारी समाज संरक्षक डॉ गोपाल सिंह ठाकुर ने दी।

# सुशासन, पारदर्शिता और जनहित में त्वरित समाधान के लिए संचालित किया जा रहा है संकल्प से समाधान अभियान



**सीहोर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिक तक समयबद्ध रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले में भी संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्री बालागुरू के. द्वारा इस अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

सीहोर जनपद सीईओ श्रीमती नमिता बघेल ने बताया कि संकल्प से समाधान अभियान के तहत नागरिकों की शिकायतों का त्वरित निराकरण करने और उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कैंप लगाए जा रहें। इसके साथ ही ग्राम अबमतनगर, नोनीखेड़ी गोसाई, सेवनिया, बिजोरी, जमोनिया खुर्द और लसुड़िया धाकड़ सहित अनेक ग्रामों में पटवरी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक सहित संबंधित अधिकारी ग्रामवासियों के घर-घर पहुंचकर उनसे आवेदन ले रहे हैं और और उनकी समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि कि संकल्प से समाधान अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक चार चरणों में संचालित किया जा रहा है। प्रथम चरण में ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों के वार्ड स्तर पर गठित समितियों के माध्यम से आवेदन एवं शिकायतों का एकत्रीकरण किया जा रहा है। अभियान की संपूर्ण कार्यवाही सीएम हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से ही संपादित की जा रही है। प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों की नियमित समीक्षा जिला स्तर पर की जाएगी। द्वितीय चरण में 16 फरवरी से 16 मार्च 2026 तक ग्रामीण क्षेत्रों में क्लस्टर स्तर पर तथा शहरी क्षेत्रों में जोन स्तर पर शिविर आयोजित कर प्रथम चरण में प्राप्त एवं शेष आवेदनों का निराकरण किया जाएगा।

# प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करने के साथ योजनाओं में आपेक्षित प्रगति लायें - कलेक्टर



**जबलपुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आज लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों को प्राप्त आवेदनों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय सीमा में करना सुनिश्चित कर आपेक्षित प्रगति लायें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ आम जन को मिल जाये, अत¬ योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त करें। साथ ही उनकी समस्याओं से संबंधित आवेदनों को भी लें और उनका निराकरण करें। आवेदनों की एंट्री के साथ निराकरण की स्थिति भी दर्ज करना सुनिश्चित करें। अभियान के दौरान जहां-जहां भी कैंप आयोजित किये जा रहे हैं, उसके विधिवत बैनर रहें और उसके फोटोग्राफ भी लेना सुनिश्चित करें।

# उतावलेपन से वाहन चलाकर मानव जीवन सकटापन्न करने के आरोपीगण को 6 माह की जेल एवं कुल 6000 रूपये जुर्माने से दंडित किया गया

**बडवानी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** न्यायालय न्यायिक मजिस्टेऊट प्रथम श्रेणी श्री नीरज कुमार सोनी जिला बड़वानी द्वारा अपने फैसले मे आरोपी लापरवाहिक पूर्वक वाहन चलाकर मानव जीवन सकटापन्न करने के आरोप मे आरोपीगण रोहित पिता प्रकाश मानकर को धारा 279,338,337 भारतीय न्याय संहिता में 6 माह का सश्रम कारावास एवं 4000 रूपये एवं आरोपी मुन्ना पिता सुरसिंह धारा 146,196 भारतीय न्याय संहिता में 2000 रूपये के जुर्माने से दण्डित किया गया। अभियोजन की ओर से पैरवी श्री श्यामु रावत सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी अंजड द्वारा की गई।

अभियोजन मीडिया प्रभारी श्री राजमल सिंह अनारे सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा बताया कि 10 फरवरी 2022 को आहत राजेंद्र और ईश्वर बोरलाय से आरोपी रोहित की मोटरसाईकिल पर बैठकर धनोरा जा रहे थे । उन्होनें आरोपी रोहित से कहा कि मोटरसाईकिल धीरे चला लेकिन रोहित ने उनकी बात नही मानी और मोटरसाईकिल तेज गति से चलाकर अपना वाहन कमांक एम.पी. 46 एम.एम.6613 को बिना बीमा के उपेक्षा अथवा उतावलेपन से चलाकर मानव जीवन सकटापन्न करते हुए आहत राजेंद्र और ईश्वर को गिरा दिया। जिससे उसे पैर में चोट आई, पैर टूट गया, ईश्वर को भी पैर में चोट आई ।

जिसमें आहत ईश्वर को गिराकर साधारण उपहति व राजेन्द्र को गिराकर घोर उपहति कारित किया दुर्घटना के बाद आहत को अंजड सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां से उन्हें बडवानी अस्पताल रैफर कर दिया था।

पुलिस को सीएचसी अंजड़ से प्राप्त तहरीर जांच हेतु प्राप्त हुई थी, जांच के दौरान आहत राजेन्द्र और इश्वर के कथन लेखबद्ध किये गये कथन के आधार पर आरोपी मोटरसाईकिल चालक रोहित के विरूद्ध थाना अंजड पर अप. के 149/22 धारा 279,337 भा.द.स. की प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध की पुलिस ने अनुसंधान के दौरान आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने प्रकरण की विवेचना पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया।

# अस्पताल पहुंचीं कलेक्टर, घायल बच्चों का हाल जाना

### हादसे की जांच के लिए मजिस्ट्रियल जांच दल गठित



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** झाबुआ में आयोजित मेले के दौरान हुए एक अनपेक्षित हादसे में बच्चों के घायल होने की सूचना प्राप्त होते ही कलेक्टर नेहा मीना ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तत्काल जिला चिकित्सालय पहुंचकर घायल बच्चों का हाल-चाल जाना। कलेक्टर ने अस्पताल में भर्ती बच्चों एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा बच्चों से संवाद कर उनका मनोबल बढ़ाया।

कलेक्टर ने चिकित्सकों को निर्देशित किया कि बच्चों के उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा सभी घायलों को समुचित एवं सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एस. बघेल को व्यक्तिगत रूप से उपचार की निगरानी करने एवं आवश्यक चिकित्सा प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

हादसे की जांच के लिए मजिस्ट्रियल जांच दल गठित- हादसे की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने तत्काल एक मजिस्ट्रियल जांच जांच दल गठित करने के आदेश जारी किए हैं। जांच दल में अपर कलेक्टर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग , कार्यपालन यंत्री म.प्र विद्युत मण्डल एवं परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण को शामिल किया गया है।

यह दल घटना के कारणों की विस्तृत जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगा। कलेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस हादसे में जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

प्रशासन की प्राथमिकता बच्चों का स्वास्थ्य- कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान में जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता घायल बच्चों का बेहतर उपचार है। उन्होंने कहा, ÷हमारा पूरा फोकस बच्चों के स्वास्थ्य पर है ताकि वे शीघ्र स्वस्थ होकर अपने घर लौट सकें। प्रशासनिक एवं कानूनी प्रक्रियाएं समानांतर रूप से संचालित की जाएंगी।÷

इस संबंध में सीएमएचओ झाबुआ ने जानकारी दी कि सांदीपनि विद्यालय के कुल 14 छात्र-छात्राएं, जिनमें 13 छात्राएं एवं 1 छात्र शामिल हैं, जिला अस्पताल में उपचार हेतु लाए गए हैं। सभी घायलों की स्वास्थ्य स्थिति स्थिर है एवं उनके वाइटल्स सामान्य हैं। बच्चों के माता-पिता को भी सूचना दी जा रही है।

# गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने दिए निर्देश



**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व का आयोजन पूर्णगरिमा, हर्षोल्लास और अनुशासन के साथ संपन्न होना चाहिए। समारोह को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों, झांकियों और अन्य व्यवस्थाओं के लिए संबंधित अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गईं। सभी अधिकारी सौंपे गए दायित्वों अनुसार कार्य करवाये। उक्त निर्देश कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह द्वारा सोमवार कलेक्ट्रेट सभागृह में आयोजित समय-सीमा बैठक के दौरान दिए। बैठक में उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जन समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जिला अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। 1. एसआईआर-2026 के सम्बंध में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नो मैपिंग वाले मतदाताओं को नियमानुसार नोटिस जारी कर लंबित प्रकरणों को तत्काल समाप्त करें। साथ ही, कॉलेजों में स्वीप गतिविधियों के माध्यम से फॉर्म-6 पंजीकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। 2. सीएम हेल्पलाइन के सम्बंध में निर्देशित किया कि शिकायतों का निराकरण गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। तकनीकी बाधाओं को दूर कर ब्लॉक स्तर पर समन्वय स्थापित करें और लक्ष्य निर्धारित कर शिकायतों को बंद करवा कर प्रगति लाए 3. कलेक्टर ने स्वच्छ जल अभियान के तहत निर्देश दिए कि हर वार्ड से कम से कम 5 पानी के नमूने लिए जाएं और उनकी जियो-टैग लोकेशन दर्ज की जाए।

# संकल्प से समाधान योजनान्तर्गत हुआ शिविर का आयोजन



**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पाटी नाका वार्ड नम्बर 23 रामकुल्लेश्वर वार्ड पर संकल्प से समाधान अभियान एवं जल सुनवाई अभियान अंतर्गत शिविर 19 जनवरी 2026 को आयोजन किया गया। जिसमे स्व. सहायता समूह की महिला अमृत सखी द्वारा पोर्टेबल टेस्ट किट के माध्यम से जल गुणवत्ता परीक्षण का कार्य किया गया। जिसमें कुल 04 आवेदन पाईप लाईन लिकेज/मरम्मत व कम दबाव से पानी आने के संबंध में एवं वार्ड क्रमांक 18 एवं 23 तक 22 पेयजल नमूनों की जॉच की गई । जिसमें पेयजल पीने योग्य पाया गया। साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न विभागों की योजनाओ के आवेदन प्राप्त कर निराकरण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किये गए।

संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत शिविर में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में 05 वृध्दावस्था पेंशन योजना.07 विधवा पेंशन 01 संबल योजना 03 जलकर एवं सम्पत्तिकर एन.ओ.सी. 14 आवेदन कुल 30 आवेदन प्राप्त हुवे । संकल्प से समाधान योजनान्तर्गत किया गया हितग्राहियो को लाभो का वितरण मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती सोनाली शर्मा से प्राप्त जानकारी अनुसार कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी निक्कु चौहान ने नगरीय विकास एवं आवास विभाग की श्पीएम स्वनिधि योजनाश् के अंतर्गत 8 हितग्राहियों को ऋण राशि का वितरण किया, जिनमें रजनी बाई, जाकिर मोहम्मद मंसूरी और शब्बीर शाह को 50,000-50,000 रुपये, नजमा शेख को 25,000 रुपये तथा माया बाई गोले, जया मेघवाल, सुनीता रावत व रीतू यादव को 15,000-15,000 रुपये के हितलाभ प्रदान किए गए।

साथ ही, श्रम विभाग की श्मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के तहत रामेश्वर सोनी, मनीषा भालसे, माधुरी राठौड़ एवं शैलेंद्र डावर को नवीन पंजीयन कार्ड वितरित किए गए और मनीषा निरगुणे को योजना के अंतर्गत 2 लाख स्वीकृत अनुग्रह सहायता राशि प्रदाय की गई। मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजनान्तर्गत श्री रामेश्वर सोनी, श्रीमती मनीषा भालसे, श्रीमती माधुरी राठौड, श्री शैलेन्द्र डावर तथा मनीषा निरगुडे को संबल पंजीयन कार्ड वितरित किये गये । शिविर के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी निक्कू चौहान, वार्ड पार्षद श्री कौशर मंडवाड़ा, श्री मोहन बामनिया, श्री राधा कैलाश सोलंकी श्री प्रमोद गेहलोत पार्षद प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा एवं अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक ली कलेक्टर ने संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा की

### कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के लम्बित निर्माण कार्यों की समीक्षा की



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में समयावधि पत्रों की समीक्षा एवं अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक का आयोजन कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे किया गया।

बैठक में सीएम हेल्पलाइन से संबंधित शिकायतों के संतोषजनक एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश देते हुए 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही ग्रेडिंग मंथ के अंतर्गत शत-प्रतिशत शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर नेहा मीना ने संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा की गयी। अवगत कराया गया कि अब तक 3029 आवेदन प्राप्त कर 1023 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। कलेक्टर ने अभियान के तहत 106 सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ पहुंचाए जाने हेतु संबंधित विभागों को आवेदन प्राप्त कर निराकरण के निर्देश दिया। लर्निंग लाइसेंस बनाये जाने हेतु स्कूल एवं कॉलेज में स्पेशल ड्राइव चला कर कैम्प लगाये जाने के निर्देश दिये। साथ ही कलेक्टर ने शिविरों की संख्या बढ़ाये जाने हेतु निर्देशित किया और कहा कि समस्त शिविरों की जानकारी पूर्व से पंचायत स्तर पर प्रेषित की जाए एवं सामंजस्य स्थापित कर शिविरों का आयोजन किया जाए।

इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के लम्बित निर्माण कार्यों की समीक्षा की गयी। बैठक में कोटड़ा एवं तलावली में स्वास्थ्य विभाग की निर्माणाधीन भवनों को जल्द पूर्ण कराये जाने हेतु हाउसिंग बोर्ड को निर्देशित किया। महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत मनरेगा, राज्य आयोजना मद एवं आदि आदर्श ग्राम योजना के तहत कुल 479 स्वीकृत आंगनवाडी भवनों में से 351 प्रगतिरत, 103 पूर्ण एवं 25 अप्रारम्भ होने की जानकारी दी गयी। कलेक्टर ने 25 अप्रारम्भ भवनों को जल्द प्रारम्भ कराये जाने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग एवं पोषण वाटिका के कार्यों की समीक्षा की गयी। कार्य की धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। टेक्निकल समस्या होने के कारण कार्य प्रारम्भ ना होने की स्थिति में सीईओ जनपद से सर्टिफिकेट लिए जाने हेतु निर्देशित किया।

शासन द्वारा 105 आंगनवाड़ी भवनों में शौचालय निर्माण की स्वीकृति की समीक्षा की गयी। किसी भी आंगनवाड़ी भवन में एक भी कार्य प्रारम्भ नहीं होने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की एवं समस्त जनपद सीईओ को नोटिस दिये जा कर स्पष्टीकरण चाहा गया। साथ ही कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को निर्देशित किया कि 31 जनवरी तक उक्त सभी निर्माण कार्य प्रारम्भ किये जाये एवं निर्माण कार्यों में अनावश्यक विलम्ब ना किया जाए।

कलेक्टर ने स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना आदि की प्रगति रिपोर्ट देखकर, स्वरोजगार के विभिन्न योजनाओं के तहत लक्ष्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जितेन्द्रसिंह चौहान, अपर कलेक्टर श्री सी.एस. सोलंकी, सहायक कलेक्टर श्री आशीष कुमार, संयुक्त कलेक्टर श्री विजय कुमार मण्डलोई, संयुक्त कलेक्टर श्री अक्षयसिंह मरकाम, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व झाबुआ श्री भास्कर गाचले, डिप्टी कलेक्टर श्री महेश बड़ोले, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी. एस. बघेल एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे एवं अन्य एसडीएम वीसी के माध्यम से जुड़े।

## ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के तहत कार्यक्रम सम्पन्न

**खण्डवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के समाजकार्य स्नातक और स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों की कार्यशाला में ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के अंतर्गत रविवार को श्री नीलकंठेश्वर महाविद्यालय खण्डवा में विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद के विचारों पर स्वावलंबन, स्वैच्छिकता, पर्यावरण संरक्षण, सामुहिकता, नशामुक्त समाज पर विचार रखे। कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए डॉ. अदिति शर्मा ने बताया कि शरीर की बीमारियों को पहचानें एवं दांतों की देखभाल एवं सुरक्षा कैसे करें। अभिनेष सिंह ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर चर्चा करते हुए कहा कि स्वदेशी अपनाओ एवं विदेशी चीजों का बहिष्कार करें। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री जगदीश पटेल ने समाजकार्य के विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने क्षेत्र के स्कूलों, आंगनवाड़ी केन्द्रों पर एवं अभियान के अंतर्गत गांव के लोगों को जागरूक करने का प्रयास करें। कार्यक्रम में शामिल सभी विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता अभियान एवं श्रमदान किया गया एवं अभियान के तहत शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन आशीष पटेल ने किया।

# संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत जिले में लर्निंग लायसेंस कैम्प आयोजित होंगे

**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशानुसार संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत जिले के शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थाओं में विद्यार्थियों की सुविधा हेतु लर्निंग लायसेंस कैम्प आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए दिनांकवार कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इन कैम्पों में 16 वर्ष से अधिक आयु के आवेदक (नॉन-गियर वाहन जैसे स्कूटी) एवं 18 वर्ष से अधिक आयु के आवेदक (गियर वाहन जैसे बाइक एवं अन्य) अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर सकते हैं।

लर्निंग लायसेंस कैम्प का दिनांकवार कार्यक्रम- शिविर 20 जनवरी 2026 मंगलवार को इन्दौर पब्लिक स्कूल झाबुआ, 22 जनवरी 2026 गुरुवार को शहीद चन्द्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय झाबुआ, 27 जनवरी 2020 मंगलवार को शासकीय महावीर महाविद्यालय पेटलावद, 29 जनवरी 2026 गुरुवार को शासकीय महाविद्यालय थान्दला, 31 जनवरी 2026 शनिवार को शासकीय महाविद्यालय मेघनगर, 02 फरवरी 2026 सोमवार को शकुन्तला अशासकीय महाविद्यालय थान्दला, 04 फरवरी 2026 बुधवार को माँ त्रिपुरा नर्सिंग कॉलेज झाबुआ, 06 फरवरी 2026 शुक्रवार को आई टी आई बामनिया, 09 फरवरी 2026 सोमवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय झाबुआ, 11 फरवरी 2026 बुधवार को आई टी आई मेघनगर, 13 फरवरी 2026 शुक्रवार को शासकीय महाविद्यालय राणापुर, 16 फरवरी 2026 सोमवार को आई टी आई थांदला, 18 फरवरी 2026 बुधवार को शासकीय आदर्श महाविद्यालय झाबुआ, 20 फरवरी 2026 शुक्रवार को केशव इन्टरनेशनल स्कूल झाबुआ, 23 फरवरी 2026 सोमवार को सी.एम. राईस स्कूल पेटलावद एवं 25 फरवरी बुधवार को मिशन स्कूल झाबुआ में प्रातः 11 से दोपहर 03 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

आवश्यक दिशा-निर्देश- ड्रायविंग लायसेंस हेतु शासकीय शुल्क 500/- (फोन-पे / गूगल-पे / नेट बैंकिंग के माध्यम से) साथ लाना अनिवार्य है। शुल्क का भुगतान ऑनलाइन एवं स्वयं आवेदक द्वारा किया जाएगा। छात्र/छात्राएं अपना आधार कार्ड एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर साथ लेकर आएं। ओटीपी आधार कार्ड में दर्ज मोबाइल नंबर पर ही प्राप्त होगा। कैम्प के आयोजन से एक दिवस पूर्व संबंधित संस्था द्वारा कम से कम 04 कंप्यूटर सिस्टम (इंटरनेट सुविधा सहित) एवं 02 प्रिंटर सुरक्षित रखे जाएं।

## 25 जनवरी को मनाया जायेगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समस्त मतदान केंद्र स्तर पर 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन 25 जनवरी को किया जायेगा। हर साल मतदाता दिवस का आयोजन किसी विशेष थीम के अनुसार किया जाता है। यह थीम वोटर्स को भागीदारी, वोटर्स तक पहुँचने और बातचीत के लिए एक संदेश देती है। इस साल की थीम है माय इण्डिया माय वोट जिसकी टैगलाइन है - सिटीजन एट द हार्ट ऑफ इण्डियन डेमोक्रेसी (भारतीय लोकतंत्र के केंद्र में नागरिक)। इस अवसर पर स्कूलों, कॉलेजों एवं शिक्षण संस्थानों में डिबेट, ड्रामा, निबंध प्रतियोगिता, मतदाता शपथ जैसी गतिविधियाँ आयोजित करके चुनावी भागीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा। वही बड़वानी जिले की चारों विधानसभा स्तर पर एवं सभी 1370 मतदान केन्द्रों पर 25 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे से 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा।

# कृषि रथ के माध्यम से किसान भाइयों को दी जा रही है खेती किसानी की नवीन आधुनिक तकनीक की जानकारी

### ई-टोकन के माध्यम से उर्वरक वितरण की नवीन वितरण प्रणाली अंतर्गत ई-विकास प्रणाली की जानकारी



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशन में 11 जनवरी 2026 से कृषक कल्याण वर्ष 2026 उपलक्ष्य में जिले के छः विकासखण्ड में छः कृषि रथ के माध्यम से कृषि विशेषज्ञों के साथ कृषि एवं सम्बद्ध विभागों के अधिकारियों द्वारा रुटचार्ट अनुसार प्रत्येक दिवस तीन ग्राम पंचायतों का भ्रमण किया जा रहा है।

आज दिनांक तक कृषि रथ के माध्यम से कृषि विशेषज्ञों के साथ ही विकासखण्ड स्तरीय कृषि एवं सम्बद्ध विभागों के अधिकारियों द्वारा 126 ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर लगभग 4590 किसानों से सम्पर्क स्थापित किया जाकर सीधा संवाद किया जाकर किसानों को उनकी जिज्ञाशाओं एवं समस्याओं का निराकरण करने के साथ ही कृषि एवं संबंद्ध विषयों पर नवीन एवं वैज्ञानिक तकनीक की जानकारी के साथ जिन किसान भाइयों के पास सिंचाई के पर्याप्त साधन है उन्हें जायद के मौसम में तिलहनी फसलों की बुवाई करने की जानकारी से अवगत कराया जा रहा है। उप संचालक कृषि श्री नगीनसिंह रावत द्वारा प्राकृतिक खेती, नरवाई प्रबंधन, फसल बीमा तथा 15 जनवरी 2026 से शासन द्वारा उर्वरक वितरण की नवीन वितरण प्रणाली अंतर्गत ई-विकास प्रणाली अंतर्गत ई-टोकन के माध्यम से पारदर्शी तरीके से उर्वरक वितरण व्यवस्था लागू की गई है की जानकारी से किसान भाइयों को अवगत कराया जा रहा है की अब उनके रकबे के आधार पर उर्वरक उपलब्धता की जाएगी, किसानों को उर्वरक लेने के लिए अब लायन में नहीं लगना पड़ेगा साथ ही उनके पंजीकृत मोबाईल फोन पर खाद के उपलब्धता की जानकारी प्राप्त हो जायेगी ।

कृषि वैज्ञानिक डॉ. जगदीश मौर्य एवं डॉ. आर. के. त्रिपाठी द्वारा किसानों के खेतों का निरीक्षण किया तथा उनकी समस्याओं का निराकरण किया गया कृषि रथ के माध्यम से किसानों को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के साथ ही उद्यानिकी फसलों तथा पशु पालन विभाग अंतर्गत दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने की जानकारी दी जा रही है ताकि किसानों की आय में वृद्धि की जा।

## सोलर पम्प के चयनित आवेदकों के लिये शिविर का आयोजन

**झाबुआ/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य कुसुम-ब योजना के तहत चयनित जिले के 101 सोलर पम्प के आवेदक कृषकों के लिये 20, 21 एवं 22 जनवरी को क्रमशः थांदला, झाबुआ और पेटलावद में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

कुसुम ब योजना के लिये सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया को नोडल बैंक बनाया गया है। शिविर के दौरान सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया के कर्मचारियों द्वारा चयनित कृषकों के खाता खोल कर बैंक द्वारा कस्टमर इन्फर्मेशन फाईल (सीआईएफ) बनाई जायेगी। साथ ही शिविर के दौरान सोलर पम्प के वेण्डर्स द्वारा कुसुम- ब के राज्य पोर्टल से अल्टरनेटीव इन्वेस्मेन्ट फण्ड का आवेदन ऑनलाईन जमा किया जाएगा। ऊर्जा विकास निगम लि. के श्री मयंक शर्मा ने बताया कि कुसुम-ब योजना के तहत कृषकों की भूमि पर सोलर पम्प की स्थापना के लिये 1 एच.पी से 7.5 एच.पी. तक के सोलर पम्पों पर 30 प्रतिशत केन्द्र सरकार की सब्सीडी प्राप्त है और 60 प्रतिशत हिस्सा सम्बन्धित किसान द्वारा ऋण के रूप में लिया जाएगा। नियमानुसार ऋण की राशि का ब्याज सहित भूगतान राज्य सरकार द्वारा कृषक के ऋण खाते में सीधे किया जाएगा। कृशक अंश केवल 10 प्रतिशत देय होगा।

# मिशन शक्ति एवं नारी सशक्तिकरण मिशन अंतर्गत जिला स्तरीय समन्वय समिति की संयुक्त बैठक मिशन वात्सल्य के अंतर्गत जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में मिशन शक्ति एवं नारी सशक्तिकरण मिशन अंतर्गत जिला स्तरीय समन्वय समिति की संयुक्त त्रैमासिक बैठक तथा मिशन वात्सल्य अंतर्गत जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षता में आयोजित POSH एक्ट संबंधी निर्देशों के पालन की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय कार्यालयों, संस्थानों एवं प्रतिष्ठानों, जहाँ 10 या अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, वहाँ विशाखा गाइडलाइन के अनुसार आंतरिक परिवाद समिति का गठन अनिवार्य रूप से किया जाए। बैठक में अवगत कराया गया कि जिले में अब तक 98 विद्यालयों, 82 शासकीय कार्यालयों सहित कुल 280 आंतरिक परिवाद समितियों का गठन किया जा चुका है। कलेक्टर ने जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया कि आगामी एक माह में सभी शेष संस्थानों में ICC का गठन सुनिश्चित किया जाए। आगामी एक माह में जिन नियोजकों द्वारा आंतरिक परिवाद समिति का गठन नहीं किया जाएगा, उनके विरुद्ध नोटिस जारी कर अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार 50,000 तक का जुर्माना अधिरोपित किया जाए।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रत्येक संस्था एवं कार्यालय में समिति के गठन संबंधी जानकारी का डिस्प्ले बोर्ड अनिवार्य रूप से प्रदर्शित किया जाए। ऐसे कार्यालय, संस्थान अथवा प्रतिष्ठान जहाँ 10 से कम कर्मचारी कार्यरत हैं अथवा जहाँ किसी कारणवश ICC का गठन संभव नहीं है, वहाँ अधिनियम एवं विशाखा गाइडलाइन के अनुरूप जिला स्तर पर गठित स्थानीय परिवाद समिति के माध्यम से शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत को निर्देशित किया गया कि स्थानीय परिवाद समिति की जिला स्तर पर प्रत्येक तीन माह में अनिवार्य रूप से बैठक आयोजित की जाए, जिसमें प्राप्त शिकायतों, उनके निराकरण की स्थिति तथा अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की जाए। इन बैठकों का कार्यवृत्त एवं प्रतिवेदन नियमानुसार संबंधित विभाग को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )

# सिंहस्थ 2028 से पहले बदलेगी शिप्रा की सूरत, पार्वती- कालीसिंध से जोड़ने की कवायद तेज

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए शिप्रा नदी में जल प्रवाह बढ़ाने की दिशा में प्रदेश सरकार ने तैयारियाँ तेज कर दी हैं। लक्ष्य यह है कि आगामी सिंहस्थ में करोड़ों श्रद्धालुओं को पर्याप्त जल मिल सके और शिप्रा वर्षभर प्रवाहित दिखाई दे। इसी उद्देश्य से शिप्रा को मध्य प्रदेश और राजस्थान की पार्वतीङ्ककालीसिंधङ्कचंबल (पीकेसी) लिंक परियोजना से जोडने् पर गंभीरता से काम किया जा रहा है।



जानकारी के अनुसार राज्य सरकार ने 9691.66 करोड़ की 13 सिंचाई व पेयजल योजनाओं को इस परियोजना में शामिल करने के लिए जल शक्ति विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा है। यदि केंद्र की मंजूरी मिल जाती है, तो शिप्रा का भूगोल आने वाले वर्षों में पूरी तरह बदल सकता है।

29 किमी के नए घाट, 9 किमी का कायाकल्प- सिंहस्थ 2028 की तैयारी में शिप्रा तट को भी नया रूप दिया जा रहा है। लगभग 29 किलोमीटर लंबे नए घाटों का निर्माण किया जा रहा है, जबकि नौ किलोमीटर क्षेत्र के घाटों का 120 करोड़ रुपये की लागत से उन्नयन किया जाएगा। प्रशासन का लक्ष्य है कि श्रद्धालुओं को स्नान और दर्शन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

सेवरखेड़ी- सिलारखेड़ी परियोजना से मिलेगा पानी- शिप्रा में अतिरिक्त पानी उपलब्ध कराने के लिए सेवरखेड़ी- सिलारखेड़ी परियोजना पर काम शुरू हो चुका है। इसके तहत वर्षा जल को बड़े बांध में एकत्र कर नियंत्रित तरीके से शिप्रा में छोड़ा जाएगा। यह व्यवस्था सिंहस्थ के दौरान नदी में बढ़ी हुई जलधारा बनाए रखने में मदद करेगी।

पीकेसी परियोजना में शामिल हो सकते हैं शिप्रा घाट- प्रदेश सरकार ने भारत सरकार से पार्वती- कालीसिंध- चंबल राष्ट्रीय परियोजना में शिप्रा घाटों को भी जोड़ने की मांग की है। रिवाइज्ड डीपीआर तैयार होने के बाद इस मेगा परियोजना की लागत 75 हजार करोड़ से बढ़कर 85 हजार करोड़ रुपये हो जाएगी, जिसमें 90 प्रतिशत हिस्सा केंद्र और 10 प्रतिशत हिस्सा मध्य प्रदेश व राजस्थान सरकारें देंगी। दोनों राज्यों के बीच एमओयू हो चुका है, जबकि पानी के लेन-देन को लेकर अगला चरण डीपीआर के बाद तय होगा। अधिकारियों का कहना है कि शिप्रा स्वयं चंबल की सहायक नदी है और मंदसौर जिले के आलोट के पास शिपावरा क्षेत्र में चंबल से मिलती है। ऐसे में शिप्रा को पीकेसी परियोजना से जोड़ना तकनीकी रूप से संभव है और इसके बाद उज्जैन सहित 16 जिलों को सिंचाई, उद्योग और पेयजल का अतिरिक्त लाभ मिलेगा।

सिंहस्थ 2028 को लेकर उम्मीदें- सिंहस्थ 2028 में देश और विदेश से करोड़ों श्रद्धालुओं के उज्जैन आने की संभावना है। प्रशासन का प्रयास है कि तब तक शिप्रा में जल प्रवाह सतत हो जाए और घाट मजबूत, सुरक्षित व आधुनिक स्वरूप में तैयार हो जाएं।

# प्रसंग-रास्वसंघ शताब्दी वर्ष 2026, संस्कार भारती ने मनाया शत समर्पण कला उत्सव



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के यशस्वी 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संस्कार भारती उज्जैन महानगर द्वारा 18 जनवरी रविवार को शाम 7 बजे पं. सूर्य नारायण व्यास 'संकुल' कालिदास अकादमी में शत समर्पण कला उत्सव का आयोजन किया गया।

संस्था के मीडिया प्रमुख जयंत तेलंग ने बताया की कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ ही आवर्तन कला अकादमी के बच्चों द्वारा अर्चना आपटे तिवारी के निर्देशन मे ध्येयगीत की प्रस्तुती दी गयी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री भगवतीलाल राजपुरोहित (इतिहासकार) ने की। विशेष अतिथी चेतन सौजित्र (सह प्रांत प्रचारक मालवा प्रांत रास्वसंघ), मुख्य अतिथी विनय यादव (सीईओ,रियलमेकर प्रा.लि. इंदौर), विशिष्ट अतिथी श्रीपाद जोशी सहकोष प्रमुख,संस्कार भारती, राष्ट्रीय कार्यकारिणी) इत्यादी का स्वागत संस्था के पदाधिकारी माया बदेका, गोपाल महाकाल, चंद्रशेखर गुर्जर, रितेश पँवार, नन्दन चावडा ने शाल एवं श्रीफल से किया।

पंडित अभिषेक व्यास (खाचरोद) द्वारा मनमोहक गिटार वादन की प्रस्तुती दी गयी जिसे दर्शकों ने काफी सराहा।

नगर के लोकगायक रामचंद्र गंगोलिया द्वारा लोकगीतों की छटा बिखेरी गयी, जिसमे भारतीय ग्रामीण संस्कृती के दर्शन हुवे। लोकायन कला केंद्र द्वारा प्रज्ञा गढ़वाल के निर्देशन में लोक नृत्य, प्रतिभा कला केंद्र द्वारा प्रतिभा रघुवंशी एलची के निर्देशन में 'ध्येयनिष्ठा' (कथक नृत्य), विभावरी नृत्य शाला (इंदौर) द्वारा पूर्वी पांडे के निर्देशन में भरतनाट्यम, त्रिनेत्र संस्कृत संस्थान द्वारा मयूरी शर्मा सक्सेना के निर्देशन में कथक नृत्य, छंदक कला अकादमी (इंदौर) द्वारा सुश्री वैभवी लांडगे के निर्देशन में ओडिसी नृत्य, इत्यादि प्रस्तुतियों ने दर्शकों मन मोह लिया। सभी नृत्यों की प्रस्तुतियों मे रास्वसंघ के गीतों का समावेश किया गया था।

# उज्जैन में बन रहा नया फूड हब

## इंदौर की 'छप्पन' की तरह अब उज्जैन में चमकेगी '36 दुकान' चोपाटी

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहरवासियों को लंबे समय से जिस आधुनिक और सुव्यवस्थित फूड ज़ोन का इंतजार था, वह अब नानाखेड़ा क्षेत्र में आकार ले रहा है। इंदौर की मशहूर छप्पन दुकान की तर्ज पर उज्जैन विकास प्राधिकरण यहां '36 दुकान फूड चोपाटी' विकसित कर रहा है, जिसकी लागत 9 करोड़ 60 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है।

नानाखेड़ा स्थित पेट्रोल पंप के पीछे बड़े क्षेत्र में तैयार हो रहा यह परिसर पूरी तरह नो-व्हीकल ज़ोन होगा। यहां आगंतुकों के लिए आकर्षक शेड, साफ-सुथरे बैठने की व्यवस्था, बच्चों के लिए मनोरंजन सुविधा और शाम को रौनक बढ़ाने के लिए संगीत की धुनें भी रहेंगी। निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और प्राधिकरण का दावा है कि यह इसी वर्ष जनता के लिए खोल दिया जाएगा।

फूड ज़ोन में एक जैसी आकार वाली 36 क्रमबद्ध दुकानें बनाई जा रही हैं, जिनमें शहर और प्रदेश के विभिन्न स्वादों की झलक मिलेगी। अभी फ्रीगंज घंटाघर क्षेत्र की चोपाटी में अव्यवस्था और ट्रैफिक जाम की परेशानी रहती है, लेकिन नए फूड हब के शुरू हो जाने से शहरवासियों को एक व्यवस्थित और सुरक्षित जगह उपलब्ध होगी।

शाम के समय यह क्षेत्र नई रौनक का केंद्र बनेगा। परिवारों को देर रात तक स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेने की सुविधा मिलेगी। अब तक खाने-पीने की खास जगह की तलाश में इंदौर जाने वालों को जल्द ही उज्जैन में ही छप्पन दुकान जैसा अनुभव मिल सकेगा।

# बाइक पर सवार दो नकाबपोशो ने लगाई कार में आग

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बाइक पर सवार होकर आए दो नकाबपोश बदमाशों ने रविवार सोमवार व्यवसायी की कार में आग लगा दी। बदमाशों ने जलती कार का वीडियो भी बनाया और भाग निकले। बदमाशों का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है जिसके आधार पर पुलिस दोनों की तलाश कर रही है।



माधवनगर थाना पुलिस ने बताया कि एलपी भार्गव नगर में गारमेंट और रियल स्टेट व्यवसाय से जुड़े नरेश धनवानी ने अपनी कार क्रमांक एमपी 13 पी 1313 घर के बाहर खड़ी की थी। रात 2.30 बजे के लगभग उनकी कार को लपटों से पूरी तरह घिरा देख आसपास वालों ने थी। फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई।

एक दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। इस दौरान कार पूरी तरह से जल चुकी थी। आगजनी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। धनवानी परिवार और आसपास रहने वालों के यहां लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखे गए, जिसमें आगजनी की पूरी घटना कैद दिखाई दी। माधव नगर थाना पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। फुटेज के आधार पर आग लगाने वालों की तलाश की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पता चला कि आग लगने वाले दो बदमाश बाइक से आए थे उन्होंने चेहरे पर नकाब पहन रखा था वही दोनों शॉल भी ओढे थे। पहले उन्होंने कार का कांच फोड़ा।

उसके बाद पेट्रोल जैसा ज्वलनशील पदार्थ अंदर डालने के बाद आज लगा दी। एक बदमाश मोबाइल से आगजनी की घटना का वीडियो भी बनता दिखाई दिया है। पुलिस फुटेज के आधार पर दोनों बदमाशों की तलाश कर रही है वहीं धनवानी परिवार के अनुसार गुरुवार रात को भी बदमाशों ने उनके घर के बाहर खड़ी कार के कांच फोड़े थे, जिसकी शिकायत भी पुलिस को दर्ज कराई गई थी।

# उज्जैन में पहली बार आयोजित होगा विंध्य हर्बल वन मेला

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में पहली बार विंध्य हर्बल मेले का आयोजन महाशिवरात्रि पर्व की अवधि के दौरान 12 फरवरी से 16 फरवरी तक दशहरा मैदान में वन विभाग के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। वन मेले का शुभारंभ आगामी 12 फरवरी को मुख्यमंत्री डॉ0 मोहन यादव द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। इस मेले का उद्देश्य आमजन को वन, पर्यावरण, वन्यजीव संरक्षण आयुर्वेद और पारंपरिक ज्ञान, वनोपज, हर्बल उत्पादों, आयुष, स्वास्थ्य, जैव विविधता एवं जनजातीय संस्कृति से जोड़ना है। वन मण्डल अधिकारी श्री अनुराग तिवारी ने बताया कि मेले में मध्यप्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों के हर्बल उत्पाद, आयुर्वेदिक औषधियां, वनोपज पर आधारित हस्तशिल्प कला कृतियां, आचतिक व्यंजन प्रदर्शित किए जाएंगे। इस मेले में देश के विभिन्न राज्यों के साथ प्रदेश के जिलों में मिलने वाली जड़ी बूटियां और वनोपज लोगों को देखने व खरीदने को मिलेगी। इस संबंध में पिछले दिनों प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं प्रबंध संचालक म.प्र. राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा उज्जैन में विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया गया, जिसमें दशहरा मैदान, सेठी नगर, उज्जैन मुख्यमंत्री म.प्र. शासन की मंशानुरूप उपयुक्त पाया जाने से चयनित किया गया है।

# एमपी की पारंपरिक कला को मिलेगा नया मंच

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड प्रदेश की पारंपरिक कला, लोककृतियों और विशिष्ट उत्पादों को अब सोवेनियर के रूप में लोकप्रिय बनाने की तैयारी में जुट गया है। इसका उद्देश्य यह है कि प्रदेश में आने वाला हर पर्यटक यहां से जाते समय ऐसी यादगार चीज अपने साथ ले जाए, जो एमपी की संस्कृति, लोगों और परंपराओं को वर्षों तक जीवित रख सके। टूरिज्म बोर्ड ने पहले चरण में 10 गांवों का चयन किया है, जो मंडला, बालाघाट, बैतूल और झाबुआ जिलों के हैं। इनमें झाबुआ की प्रसिद्ध आदिवासी गुड़िया, मंडला की अनोखी पारंपरिक जूलरी, बैतूल के हस्तनिर्मित उत्पाद और बालाघाट का स्थानीय क्राफ्ट शामिल हैं। इन गांवों में फरवरी से पांच विशेषज्ञ एजेंसियां प्रशिक्षण कार्य शुरू करेंगी। पर्यटन विभाग का लक्ष्य है कि इन उत्पादों को एक बेहतर पैकेजिंग, आकर्षक डिज़ाइन और गुणवत्तापूर्ण रूप देकर ऐसा ब्रांडेड स्मृति-चिह्न बनाया जाए, जिसकी देश-विदेश में पहचान बने। उज्जैन में भी शिप्रा होटल सहित कई प्रमुख स्थानों पर इनके स्टाल लगाने की तैयारी है, ताकि महाकाल दर्शन के लिए आने वाले लाखों श्रद्धालु और पर्यटक इन स्थानीय कलाओं से परिचित हो सकें। यह पहल न केवल प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान देगी, बल्कि कलाकारों और कारीगरों के लिए बेहतर आजीविका का बड़ा मार्ग भी खोलेगी।

# नए साल के 17 दिनों में 75 महिलाएं पहुंचीं वन स्टॉप सेंटर

## 60 घरेलू हिंसा, 5 घर से भागकर आई—10 महिलाओं को मिला सुरक्षित आश्रय, अधिकांश मामलों में हुआ समझौता

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में महिलाओं के खिलाफ होने वाली प्रताड़ना के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। इसका ताज़ा उदाहरण है चिमनगंज इलाके में स्थित वन स्टॉप सेंटर, जहाँ नए साल की शुरुआत के महज़ 17 दिनों में ही 75 महिलाएँ और किशोरियाँ अपनी शिकायत लेकर पहुंचीं। इनमें घरेलू हिंसा से लेकर घर से भागने और गुमशुदगी तक के मामले शामिल हैं।

सबसे राहत की बात यह रही कि सेंटर में पहुंचे अधिकांश मामलों में काउंसलिंग के बाद समझौता हो गया, जिससे कई परिवार टूटने से बच गए। वहीं 10 महिलाओं को सेंटर में आश्रय दिया गया, जिन्हें कुछ दिनों बाद सम्मानपूर्वक उनके परिवारों तक सुरक्षित पहुंचाया गया।

वन स्टॉप सेंटर प्रशासन के अनुसार, 1 जनवरी 2026 से 17 जनवरी 2026 तक जिन 75 मामलों की सुनवाई हुई, उनमें 60 मामले घरेलू हिंसा के थे।

5 लड़कियाँ घर से भागकर आई थीं।

4 मामलों में गुमशुदगी की शिकायत थी।

1 केस स्थानांतरण का और 1 छेड़छाड़ का मामला दर्ज हुआ।

सेंटर की प्रशासिका वीना बोरासी बताती हैं कि यहां आने वाले कई मामले बेहद संवेदनशील होते हैं। कई बार परिस्थितियों की गर्मी में महिलाएँ भी गलती कर बैठती हैं, लेकिन जब दोनों पक्षों की काउंसलिंग होती है तो ज्यादातर परिवार आपसी समझ बनाकर फिर से साथ रहने को तैयार हो जाते हैं।

वन स्टॉप सेंटर न सिर्फ संकट में घिरी महिलाओं को एक सुरक्षित छत प्रदान करता है, बल्कि उन्हें सिलाई, कढ़ाई और आर्ट-क्राफ्ट जैसे कौशलों का प्रशिक्षण भी देता है। इसका उद्देश्य यह है कि महिलाएँ भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें और किसी भी परिस्थिति में खुद को सुरक्षित रख पाएं।

समाज में महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए इस सेंटर की भूमिका लगातार बढ़ती जा रही है, और नए साल में सामने आए आंकड़े बताते हैं कि यह सुविधा कई परिवारों के लिए संकट की घड़ी में बड़ा सहारा बनी है।

# युवक नाबालिग को लेकर भाग, परिजनों ने बहन का कर लिया अपहरण

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नाबालिग को लेकर भागे युवक की बहन का नाबालिग के परिजनों ने अपहरण कर लिया। पुलिस ने चंद घंटे की तलाश के बाद युवती को मुक्त कर दिया। अपहरण में शामिल तीन आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। एक की तलाश जारी है। पुलिस ने नाबालिग और उसको लेकर भागने वाले युवक को भी दस्तयाब किया है। 17 जनवरी की देर शाम नजरपुर क्षेत्र में रहने वाली 18 वर्षीय पूजा पिता राजेश चंदेल जाति बंजारा का मारुति वैन में आए 4 से 5 लोगों ने अपहरण कर लिया और फरार हो गए। युवती के परिजनों ने मामले की सूचना घटिया थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और अपहरण करने वालों की तलाश शुरू रातभर तलाश करने के बाद दूसरे दिन सुबह होते-होते पुलिस ने महिदपुर से 5 किलोमीटर दूर एक गांव से अपरहत युवती को दस्तयाब कर लिया और उसका अपहरण करने वाले दो आरोपी चैनसिंह पिता भीमसिंह बंजारा, अर्जुन पिता तुफानसिंह बंजारा निवासी नजरपुर के साथ एक अन्य महिला को हिरासत में ले लिया। अपहरण में शामिल एक आरोपी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है वहीं अपहरण में शामिल वेन बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि 12 जनवरी को नजरपुर की रहने वाली 15 साल 6 माह की नाबालिग को वहीं का रहने वाला विकास चंदेल प्रेम प्रसंग के चलते भाग कर ले गया था। नाबालिग के परिजनों ने घटिया थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज किया था जांच में सामने आया था कि विकास चंदेल उसे लेकर भागा है। पुलिस दोनों की तलाश कर रही थी इसी बीच नाबालिग के परिजनों ने उसे बहला फुसला कर भाग ले जाने वाले विकास चंदेल की बहन का अपहरण कर लिया। पुलिस ने नाबालिग और विकास चंदेल को 5 दिन की तलाश के बाद उज्जैन से दस्तयाब किया है। नाबालिग और युवती के अपराह्न में पुलिस द्वारा सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

# कालिदास कॉलेज में स्टार्टअप दिवस का आयोजन

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय उज्जैन में प्राचार्य डॉक्टर वंदना गुप्ता के मार्गदर्शन में 16 जनवरी को स्टार्टअप दिवस मनाया गया कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ अंतर्गत चल रहे अल्पावधि प्रशिक्षण के प्रतिभागी एवं अन्य छात्राएं उपस्थित थी।मुख्य वक्ता उद्यमिता विकास संस्थानअहमदाबाद से स्टार्टअप एवं उद्यमिता पर विशेष प् प्रशिक्षण प्राप्त टी पी ओ डॉक्टर अंजना बुंदेला ने स्टार्टअप की आवश्यकता एवं महत्व पर प्रकाश डाला।ब्यूटिशियन शुभांगी ने सौंदर्य निखार के क्षेत्र में स्टार्टअप के पहलुओं से परिचित कराया। उन्होंने छात्राओ को आत्मनिर्भर एवं रोजगार निर्माता बनने के लिए प्रोत्साहित किया व एक उद्यमी के लिए आवश्यक गुण बताये। स्टार्टअप में सहयोगी सरकारी संस्थान स्टार्टअप इंडिया एमएसएमई एवं इनक्यूबेशन सेंटर से भी परिचित कराया। अध्यक्ष प्राचार्य डॉक्टर वंदना गुप्ता ने छात्राओं को नवाचार एवं विभिन्न प्रकार के स्टार्टअप आइडियाज से परिचित कराया। छात्राओमें नई ऊर्जा एवं आत्मविश्वास का संचार हुआ ।उद्यमिता के प्रति छात्राओं ने अपनी रुचि को चर्चा के माध्यम से अवगत कराया ।आभार डॉक्टर रूपा भावसार ने माना।



# बदमाशों में युवक पर पत्थरों से किया हमला

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पुरानी रंजिश के चलते रात में घर आकर कुछ बदमाशों ने युवक पर हमला कर दिया और चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। घायल युवक को चरक अस्पताल में भर्ती किया गया है।

बड़नगर मार्ग ग्राम नलवा में रहने वाले राजकुमार पिता बाबूलाल 30 वर्ष को घायल हालत में परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे। सर में गहरी चोट लगी होने पर डॉक्टरों ने उपचार के लिए भर्ती किया और मामले की सूचना चिंतामण थाना पुलिस को दी गई। घायल ने बताया कि उसे पर घर आकर गोलू, अमन और उनके साथियों ने पत्थरों से हमला कर घायल किया है। हमलावरो ने चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी भी दी।

गोलू ग्राम अवलिया भूतिया का रहने वाला है। कुछ मा पहले उसने भेज निखिल पर भी चाकू से हमला किया था, इसके बाद से रंजिश चली आ रही है। पुलिस ने दो नामजद और अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

पति ने की पत्नी से मारपीट- रोज शराब पीकर घर लौटने वाले पति को पत्नी ने नशा करने से मना किया तो पति ने उसके साथ बुरी तरह मारपीट कर दी। मामला विक्रम नगर नागझिरी का है। घायल पत्नी रोशनी 28 वर्ष का उपचार चरक अस्पताल में चल रहा है। घायल रोशनी ने बताया कि पति शाहरुख शराब का नशा करता है रात को नशा कर घर लौटा था शराब पीने से मना किया तो मारपीट की है। पुलिस रोशनी के बयान दर्ज कर पति की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

# बिरादरियों की हदों से आगे जाकर शिक्षा के आधार पर जीवन साथी चुनिए - शाहनवाज हुसैन

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बिरादरियों की हदों से आगे जाकर शिक्षा के आधार पर जीवन साथी चुनिए। ये विचार पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने उज्जैन में जज़्बा के अखिल भारतीय मुस्लिम युवक युवती परिचय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए व्यक्त किए। आपने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि आज के इस वैज्ञानिक दौर में मुस्लिम समाज में भी शिक्षा का स्तर बढ़ रहा है। हम सब एक अल्लाह को मानने वाले हैं, इसलिए सफल वैवाहिक जीवन के लिए बिरादरी की जगह युवक-युवतियों को शिक्षा के आधार पर अपना जीवन साथी चुनना चाहिए।

आपने कहा कि जज़्बा को इस तरह के कार्यक्रमों को प्रदेश ही नहीं, पूरे देश में विस्तार देना चाहिए। आपने आज दुनिया के विभिन्न देशों की परिस्थितियों का जिक्र करते हुए अपील की कि हमें अपने देश पर गर्व करना चाहिए। दुनिया में भारत से अच्छा कोई देश नहीं और हिन्दू से अच्छा कोई दोस्त नहीं हो सकता है। आपने जज़्बा मेंबर्स को सुपर 40 का खिताब देते हुए कहा कि आप सब लोग मिलकर मुस्लिम समाज को नई दिशा दे सकते हैं, और इसके लिए मैं आपको बहुत बहुत मुबारक बाद और हर संभव सहयोग का आश्वासन देता हूं। आपने जज़्बा की महिला विंग को भी संबोधित किया और उनके कार्यों और सफल संचालन की सराहना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशेष अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने कहा कि इस तरह के इज्तेमाई आयोजन से व्यक्ति का बहुत समय और खर्च बचता है। आज के दौर में जब लोगों के पास समय का अभाव है तो ये आयोजन ही उनके बच्चों को अच्छे रिश्ते ढूंढने में मदद करते हैं। मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सनवर पटेल ने विशेष अतिथि के रूप में बोलते हुए कहा कि जज़्बा सोशल फाउंडेशन के कार्य प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में एक मॉडल के रूप में लिए जाते हैं।

# बाइक सवार युवकों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

## दुर्घटना में एक की हुई मौत, एक गंभीर घायल

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बीती रात बाइक पर सवार दो युवकों को उन्हेल मार्ग पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक की मौत हो गई दूसरा गंभीर घायल हुआ है जिसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

भेरूगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि उन्हेल-रुई मार्ग पर बाइक सवार दो युवकों के साथ दुर्घटना होने की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची थी। दोनों को टक्कर मारने वाला वाहन अज्ञात होना सामने आया जो मौके से भाग निकला था। बाइक सवार दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया दूसरा गंभीर रूप से घायल था।

दोनों की पहचान करने पर सामने आया कि नागझिरी के रहने वाले हैं। मृतक सुल्तान पिता सलीम खान 27 वर्ष है और घायल का नाम रेहान मंसूरी 17 वर्ष है। दोनों के परिजनों को सूचना मिली तो अस्पताल पहुंचे।

रेहान की हालत गंभीर होने पर उसे निजी अस्पताल ले जाया गया। सोमवार सुबह मृतक के परिजनों ने बताया कि रेहान और सुल्तान पड़ोसी है दोनों बाइक से जावरा हुसैन टेकरी गए थे।

जहां से जियारत कर वापस लौट रहे थे। परिजनों के अनुसार सुल्तान ड्राइवरी करता था और एक बच्चे का पिता है रेहान मोबाइल की दुकान पर काम करता है।

पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौपा है। टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश में दुर्घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखे जा रहे हैं।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा कार्तिक मेला मैदान पर 26 जनवरी को ध्वज फहराया जाएगा

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने सोमवार सुबह प्रशासनिक संकुल भवन के कलेक्टर कार्यालय सभागृह में समयावधि पत्रों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि 26 जनवरी का कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में कार्तिक मेला मैदान में आयोजित होगा। बैठक में 26 जनवरी की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। विभागों द्वारा बनाई जाने वाली झाकियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि भारत पर्व का आयोजन कालिदास संस्कृत अकादमी में आयोजित होगा उसके लिए आवश्यक तैयारियां पूर्ण करें।



बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने संकल्प से समाधान अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए घर- घर दस्तक देकर शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन कर उन्हें लाभ देने के निर्देश दिए। बैठक में निर्देश दिए गए कि संबल योजना अंतर्गत लाभ देने का कोई भी प्रकरण अभियान के बाद लंबित ना रहे इस पर विशेष ध्यान दें साथ ही सभी नोडल अधिकारी फील्ड विजिट कर अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने स्वच्छ जल अभियान की समीक्षा कर निर्देश दिए कि अभियान अंतर्गत दिए गए लक्ष्य के अनुसार कार्य कर पोर्टल पर अपडेट करें। अभियान अंतर्गत आयोजित जन सुनवाई जिले के सभी नगरीय और ग्रामीण निकायों में आयोजित कर प्राप्त शिकायतों का निराकरण त्वरित शुरू करें।